www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–238 । सागर, मंगलवार, 17 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

केशुराजा, दौलत तिवारी, सिद्धार्थ सिंह ने दिए बगावत के संकेत — पृष्ठ 3

- अम्मा चलीं मदर ऑफ डैमोक्रेसी कहलाने
- हमास के अमानवीय हमले से नेपथ्य में जाती फ़िलिस्तीन के अधिकारों की लड़ाई — पृष्ठ 4

- निर्वाचन के दौरान सभी शासकीय सेवको का आचरण रहे निष्पक्षः कलेक्टर — पृष्ठ 6

कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, देखी निर्वाचन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाएं — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### प्रचार में सेना का इस्तेमाल रोकने में हस्तक्षेप करें मुर्मू : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अपील करते हुए कहा है कि मोदी सरकार राजनीतिक प्रचार के लिए सेना का इस्तेमाल करना चाहती है वह ऐसा नहीं करे इसलिए राष्ट्रपति को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा भारत की सेना पूरे देश की सेना है और हमें गर्व है कि हमारी बहादुर सेना कभी भी देश की आंतरिक राजनीति का हिस्सा नहीं बनी। साढ़े नौ साल की सरकार के दौरान महंगाई, बेरोज़गारी और सभी मोर्चों पर विफ़ल रहने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार कराने का बेहद घटिया प्रयास कर रही है। सेना का राजनीतिकरण करने का यह प्रयास बेहद ख़तरनाक क़दम है।

### पुरकायस्थ, चक्रवर्ती ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर दर्ज प्राथमिक रद्द करने की गुहार लगाई है। आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को विशेष अनुमति याचिका के जरिए शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

### झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रही केंद्र सरकारः केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री केजरीवाल ने सोमवार को एक्स कर कहा, यह 2015 की घटना है। मोदी सरकार 2015 से मुझे झूठे केसों में फँसाने की कोशिश कर रही है। लोगों पर तरह तरह के दबाव बना कर उन्हें मेरे खिलाफ बयान देने के लिए कहा जाता है। कई लोगों को तो यातनाएं भी दी गईं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए काम करने के बजाय 24 घंटे अपने विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने के षड्यंत्र रचते रहते हैं।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र स्थगित

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष एक दिवसीय सत्र राज्य के मंत्रियों और विधायकों के वेतन में वृद्धि से संबंधित दो विधेयकों पर बिना किसी चर्चा के शुरू होने के 15 मिनट के भीतर ही स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय ने दावा किया कि एक पूर्व विधायक के निधन के कारण सत्र स्थगित किया गया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि पूर्व विधायक की मौत तो महज एक बहाना है, स्थगन के पीछे असली वजह विशेष सत्र के लिए राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस की सहममि न मिलना है।

### उत्तराखंड में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नेपाल रहा। इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किमी नीचे रही है। इसलिए किसी जानमाल की आशंका नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेश महर ने बताया कि जिले में अभी तक किसी नुकसान की सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से नेपाल से सटे भूभाग में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अभी तक इनका केन्द्र नेपाल ही रहा है।

### ईडी के सामने पेश हुए अभिषेक के पीए


**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस (तृंका) के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक सुमित रॉय सोमवार को शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए। रॉय समन के लिए सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक स्थित केंद्र सरकार कार्यालय परिसर में पहुंचे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, ईडी मनी ट्रेल्स की जांच कर रही है। कथित शिक्षक भर्ती घोटाला जिसमें कई शीर्ष राजनेता जांच के दायरे में हैं और तत्कालीन वाणिज्य मंत्री पार्थ चटर्जी, पूर्व शिक्षा मंत्री सहित कई अन्य लोग एक साल से अधिक समय से जेल में हैं।

---

राजनीतिक दलों की चुनावी फंडिंग का मामला

# 'चुनावी बांड' से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

- 31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई
- 5 न्यायाधीशों की पीठ करेगी विचार



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को चंदा से संबंधित 'चुनावी बांड' की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष विचार के लिए भेजने का सोमवार को फैसला किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह फैसला कई मामलों को बड़ी पीठ के समक्ष रखने के अनुरोध पर किया। पीठ ने कहा कि मामले के महत्व को देखते हुए संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत याचिकाओं के एक समूह को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जा सकता है। मामले की सुनवाई पहले ही 31 अक्टूबर को तय की जा चुकी है। शीर्ष अदालत ने 10 अक्टूबर को कहा था कि मामले की अंतिम सुनवाई 31 अक्टूबर और जरुरत पड़ी, तो अगले दिन 01 नवंबर को भी की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्त्रोतों में शामिल है।

### सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है

पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने 10 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान कहा था कि चुनावी बांड योजना को इसलिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है और इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है। इस योजना को ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### 26 सप्ताह का गर्भावस्था समाप्त करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय की गर्भावस्था समाप्त करने की उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल पूर्ण न्याय के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल हर मामले में नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ■ शेष पृष्ठ 5 पर

# बहुचर्चित निठारी कांड के आरोपी बरी

**प्रयागराज, एजेंसी।** बहुचर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया।

कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के खिलाफ अपील पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी।

विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। आरोप संदेह से परे साबित न हो पाने के कारण निर्दोष करार देते हुए दोनों को बरी कर दिया गया है। इससे पहले गाजियाबाद की सीबीआई अदालत में इन दोनों आरोपियों पर लड़कियों के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप तय करते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई थी। ज्ञात हो कि वर्ष 2006 नोएडा के निठारी में पंढेर की कोठी के पास नाले में नर कंकाल मिले थे। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो कई बच्चों के अपहरण, हत्या और दुष्कर्म की कहानियां सामने आई थी। सीबीआई ने इस मामले में 16 केस दर्ज किए थे। मनिंदर के नौकर कोली पर बच्चों की हत्या, अपहरण, दुष्कर्म और सबूत मिटाने का आरोप लगा था। जबकि पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप लगाया गया था।

---

मिजोरम पहुंचे राहुल गांधी, बोले-

# प्रधानमंत्री को मणिपुर से ज्यादा इजराइल में दिलचस्पी



**आइजोल, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की तुलना में इजराइल में होने वाली घटनाओं की ज्यादा चिंता है। 3 मई के बाद से हिंसा से जूझ रहा मणिपुर अब एक राज्य नहीं रहेगा, बल्कि जाति के आधार पर दो हिस्सों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह हैरानी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजराइल-हमास जंग में इतनी दिलचस्पी क्यों है? लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है, इसमें उन्हें दिलचस्पी नहीं है। वहां लोगों की हत्याएं हो रही हैं, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हो रही है और बच्चों को मार डाला गया। यह शर्म की बात है कि हमारे संघ के नेता मणिपुर में इतना सब होने के बाद भी वहां नहीं गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 16 अक्टूबर को मिजोरम के आइजोल में जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

### नोटबंदी से देश को काफी नुकसान हुआ

राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी छोटे और मध्यम व्यवसायों को खत्म करने के लिए बनाया गया है, यह भारत के किसानों को कमजोर करने के लिए बनाया गया है। आप सभी जानते हैं कि नोटबंदी का क्या हुआ। यह हमारे प्रधानमंत्री का ऐसा आइडिया था जिससे देश को काफी नुकसान हुआ। इससे देश की अर्थव्यवस्था आज तक ठीक नहीं ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### मिजोरम में 5 किमी पदयात्रा की

जनसभा से पहले राहुल गांधी ने पांच किमी लंबी पदयात्रा निकाली। राहुल ने चानमारी से पदयात्रा शुरू की, जो ट्रेजरी स्क्वायर पर खत्म हुई। इस दौरान राहुल ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरे से राहुल मिजोरम की जनता खासतौर पर युवाओं को साधने का प्रयास करेंगे।

### आज पार्टी नेताओं से मिलेंगे राहुल

मिजोरम कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष लालरेमरूता रेंथली के मुताबिक, राहुल आइजोल दौरे के दूसरे दिन यानी मंगलवार को पार्टी नेताओं से मिलेंगे और आइजोल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। राहुल राज्य के दक्षिणी भाग में लुंगलेई शहर का भी दौरा करेंगे और वहां एक सार्वजनिक बैठक करेंगे।

---

जयसिंह नगर की सभा में बोले शिवराज

# हर परिवार में रोजगार उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हर परिवार में रोजगार उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। हमारी कोशिश होगी कि प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति रोजगार दिया जाए, ताकि परिवार मजबूत रहे। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सरकार है, हमें आपकी जिंदगी बदलनी है और आपकी जिंदगी बदल गई तो मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हो जाएगा। श्री चौहान ने आज जयसिंह नगर में पार्टी प्रत्याशी मनीषा सिंह के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने अनेको जनकल्याण के कार्य किए हैं, मध्यप्रदेश के और बेहतर विकास के लिए प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाना है और मध्यप्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में लाना है।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेसी आजकल बड़े ही परेशान है, कांग्रेसी कहते हैं कि, हम चुपचाप लाड़ली बहनों के खाते में पैसा डाल देंगे। चुनाव आयोग से शिकायत की जा रही है। हम पैसा डाल रहे हैं इसमें कांग्रेस को क्या दिक्कत है। कांग्रेस ने तो कभी पैसे नहीं डाले। बहनों की जिंदगी बदलने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई है। पहले 1 हजार और अब 1 हजार से बढ़ाकर 1250 कर दिए हैं और 1250 रूपए से बढ़ाकर धीरे-धीरे 3000 रूपए तक इस राशि को पहुंचाया जाएगा। तब जाकर बहनों की जिंदगी से दुख और तकलीफ दूर होगी।

### कमलनाथ ने योजनाएं बंद कर बहनों का हक मारा

श्री चौहान ने कहा कि, कमलनाथ ने 15 महीने की सरकार में बहनों के हक पर डाका डाला है। बैगा, भारिया और सहरिया बहनों के खाते में 1000 रूपए की राशि डाली जाती थी लेकिन बीच में कमलनाथ आ गए और उन्होंने पैसा डालना ही बंद कर दिया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने बहनों के लिए संबल योजना बनाई कांग्रेस ने उसे भी बंद कर दिया था। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो वह लाड़ली बहना योजना भी बंद कर देंगे।

### डेढ़ महीने में शुरू हो गई रेल, शहडोल में जल्द बनेगा एयरपोर्ट

श्री चौहान कहा कि, महज़ डेढ़ महीने में शहडोल से नागपुर के लिए ट्रेन शुरू कर दी गई थी और अब यहां हवाई अड्डा भी जल्द ही बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि, शहडोल में हवाई अड्डा बनने से निवेश बढ़ेगा और निवेश बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वहीं तीर्थ यात्रियों को अब रेल यात्रा के अलावा हवाई जहाज से भी यात्रा कराई जाएगी।

---

कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची को लेकर भाजपा की टिप्पणियों पर बोले कमलनाथ

# भाजपा अपनी चिंता करे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों पर कहा है कि भाजपा अपनी चिंता करे, हमारी चिंता छोड़ दे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची को लोकतांत्रिक बताया और कहा कि कांग्रेस की सूची भाजपा से इस मायने में अलग है कि हमने अंतिम पायदान तक के कार्यकर्ताओं की सलाह के बाद उन्हें सम्मान देते हुए प्रत्याशियों का चयन किया। इसकी दिशा लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप नीचे से ऊपर की और है। जबकि भाजपा की सूची ऊपर से थोपी गई है। यह एकाधिकार और अहंकार से चुनाव से लड़ने का आदेश है और भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का अपमान भी है। इसलिए भाजपा की सूची अलोकतांत्रिक है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची पर सवाल उठाते हुए इसे परिवारवाद और गुटबाजी से प्रेरित बताया था।

### बुधनी में मुकाबला कलाकारों के बीच

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र बुधनी में कांग्रेस की ओर से टीवी कलाकार विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारने पर कमलनाथ ने कहा कि बुधनी में कलाकार वर्सेज कलाकार का चुनाव है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच मुद्दों पर बहस करानी चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कौन बड़ा कलाकार है। कमलनाथ ने तंज कसा कि शिवराज कलाकारी में तो मस्ताल को हरा देंगे।

### इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए

कमलनाथ ने प्रदेश में चुनावी गठबंधन की संभावना को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए केन्द्र स्तर पर बना है। फिर भी हम चाहते हैं कि भाजपा को हराने के लिए प्रदेश में सपा हमारा साथ दें। मुझे खुशी है कि सपा भाजपा को हराना चाहती है। उन्होंने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मेरी बातचीत हुई है। उनका उद्देश्य भाजपा को हराना है। मैं इसके लिए सपा को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बताया कि गठबंधन को लेकर मायावती की उनसे कोई बातचीत नहीं हुई है।

---

# 4 राज्यों में आईटी की छापेमारी, 94 करोड़ जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर (आईटी) विभाग ने कुछ सरकारी ठेकेदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियान में 94 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी के साथ-साथ 8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के आभूषण जब्त किए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार 12 अक्टूबर को कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और दिल्ली में 55 परिसरों में छापेमारी की गई।

**8 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कलाई घड़ियों के कारोबार से जुड़े एक निजी वेतनभोगी कर्मचारी के परिसर से विदेशी निर्मित लगभग 30 लक्जरी घड़ियां बरामद की गई। छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बेहिसाब नकदी लेनदेन के खुलासे हुए। करदाताओं, उप-ठेकेदारों और कुछ नकदी संचालकों सहित सहयोगियों के परिसरों की तलाशी के दौरान बड़े पैमाने पर बेहिसाब नकदी लेनदेन के साक्ष्य मिले। दस्तावेजों की हार्ड कॉपी और डिजिटल डेटा के रूप में बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। कर चोरी की कार्यप्रणाली से पता चलता है कि ये ठेकेदार फर्जी खरीद की बुकिंग, उप-ठेकेदारों के साथ खर्चों का गलत दावा और न होने वाले खर्चों का दावा करके खर्चों को बढ़ाकर अपनी आय को कम करने में शामिल थे।

---

लोकसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' गठबंधन ने कसी कमर

# देश भर में महिला अधिकार सम्मेलन करेगा विपक्षी गठबंधन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने का श्रेय भाजपानीत एनडीए गठबंधन को एक मुश्त न मिले, इसके लिए इंडिया गठबंधन गभीरता से रणनीति बना रहा है। आधी आबादी को अपने पाले में लाने के लिए गठबंधन के दल देश भर में महिलाओ को आगे कर महिला अधिकार सम्मेलन करने की तैयारी में है।

### पश्चिम बंगाल या बिहार से की जा सकती है शुरुआत

बताया जा रहा है कि इसकी शुरुआत पश्चिम बंगाल या बिहार से किया जा सकता है। जिसमें गंठबंधन की महिला नेत्री एक स्वर में तत्काल महिला आरक्षण को लागू करने और इसमें कोटा के तहत कोटा तय कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की तरह ही पिछडे वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण के दायरे में लाए जाने की मांग की जाएगी। साथ ही भाजपा पर निशाना बनाते हुए इसे महिला अधिकारों का पैरोकार नहीं बल्कि विरोधी साबित करने की कोशिश होगी और बताया जाएगा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रही है। गठबंधन के नेताओ की कोशिश होगी कि इस तरह का सम्मेलन देश के प्रायः हर लोकसभा क्षेत्र में हो।

### अगले माह हो सकता है आयोजन


सूत्र बता रहे हैं कि अगले माह नवम्बर से इस सम्मेलन की शुरुआत की जा सकती है। गौरतलब है कि इसी मुद्दे पर विचार करने के लिए इंडिया गठबंधन की महिला नेताओ की एक बैठक चेन्नई में हुई है। जहां कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी,एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले,सपा सांसद डिंपल यादव,टीएमसी की सांसद सुष्मिता देब, आप विधायक राखी बिडलान, नीतीश सरकार में मंत्री लेसी सिंह,डीएमके की सांसद कनिमोझी और पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती एक मंच पर नजर आई थी। इसके बाद से ही इंडिया गठबंधन द्वारा देश भर में महिला अधिकार सम्मेलन करने की तैयारी की जा रही है।

---

# बिहार में सिपाही को गोलियों से किया छलनी

**पटना, देशबन्धु।** बिहार के वैशाली जिले में एक बार फिर अपराधियों ने बिहार की पुलिस व्यवस्था पर हमला करते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली के सराय बाजार इलाके में अपराधियों ने एक सिपाही को गोलियों से छलनी कर दिया, जिसके बाद इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई। घटना सराय थाना क्षेत्र के सराय बाजार स्थित सूरत की है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम सूरत चौक स्थित यूको बैंक के पास खड़ी थी। इसी बीच तीन अपराधी बैंक में प्रवेश कर रहे थे जिन्हें पुलिसकर्मियों ने रोका जिसके बाद सभी अपराधी भागने लगे जिसमें से दो अपराधियों को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। जबकि भाग रहे एक अपराधी के पीछे सिपाही अमिताभ कुमार दौड़ने लगे कुछ दूर जाकर अपराधी ने सिपाही अमिताभ को गोली मार दी। आनन-फानन में घायल सिपाही को हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, जहां से एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। लेकिन, सिपाही को नहीं बचाया जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सिपाही अमिताभ कुमार मुंगेर जिले के खड़गपुर के रहनेवाले थे। बताया जा रहा है कि सभी अपराधी बैंक में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे लेकिन उससे पहले ही यह घटना घट गई, जिस गाड़ी से पुलिस टीम सूरत चौक पर गई थी उसके चालक रमेश कुमार ने बताया कि अमिताभ अकेले ही अपराधी को पकड़ने के लिए दौड़ रहे थे, जिसके कारण ही भाग रहे अपराधी ने सिपाही को चार गोली मार दी।

## शक्ति की भक्ति का त्यौहार पर जगह-जगह सजे मां के दरबार



### धूमधाम से हुई भव्य प्रतिमाओं की स्थापना

**गौरझामर, देशबन्धु।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गौरझामर में रविवार को प्रथम दिवस से ही माता के पूर्व से सजाये गए बड़े-बड़े पंडालों में माता की आकर्षक भव्य मूर्तियों का पूरे विधि विधान के साथ स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। नौ दिनी इस शारदीय नवरात्रि के वार्षिक जलसे में सनातन धर्माम्बलम्बियों द्वारा माता के धरती पर अवतरण की मान्यता को लेकर नव दिनो तक साकार स्वरुप में पवित्र मिट्टी से निर्मित मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना, आराधना, आरती, महाआरती, उपासना पूरे भक्ति भाव से उपवास रखकर की जाती है। नवदुर्गा के पवित्र पावन त्यौहार पर नगर में सजे दुर्गा पडालो पर नित्य अनेको, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित होकर इनका भरपूर आनंद लेते हैं इस वर्ष गौरझामर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य व आकर्षक झांकियां सजाकर माता की स्थापना की गई है जिसमें स्थानीय बस स्टैंड बुधवार बाजार वार्ड नंबर 7 पुराना बस स्टैंड सरखेड़ा चौराहा बस स्टैंड मेंन रोड नयापुरा, बिजासन माता मंदिर, खेरमाई माता मंदिर, गांधी चौक, इतवारा बाजार आदि स्थानों पर बड़ी-बड़ी झांकियां सजाकर माता दुर्गा की मूर्तियों की भव्य विशाल आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है, जिनके दर्शन हेतु रोज श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह जलाभिषेक और शाम को दर्शन हेतु उमड़ रही है नवदुर्गा के पुनीत पावन पर्व पर देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। समीपस्थ माता हरसिद्धि का पावन धाम शक्तिपीठ रानगिर में माता के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रोज उमड रही है। मूर्ति स्थापना की पश्चात गौरझामर में धर्म मय वातावरण देखा जा रहा है। इस वर्ष बीजासेन माता मंदिर पर स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा को कोलकाता से मंगाकर स्थापना की गई है। जो जन आकर्षक का केंद्र बनी हुई है।

# नवरात्रि पर मातारानी की भक्ती आराधना करने सुबह से देर रात तक लगा रहता तांता

### नगर में माता के नौ रूपों में सजी झाकियां



**शाहगढ़, देशबन्धु।** रविवार से शारदीय नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर नगर से लेकर गांव देहात तक देवी मंदिरों में धर्म की गंगा बहती नजर आई। माता के भक्तों द्वारा धूमधाम से नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। नगर के देवी मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही देवी के भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी, जिनमें पुरुषों के साथ ही महिलाओं और बच्चों की भी भरपूर संख्या नजर आई। माता के भक्त उनके पूजन दर्शन के लिए सुबह से मंदिरों में पहुंचते दिखे। नगर में बड़ी माता मंदिर और छोटी माता मंदिर सहित चारों ओर के देवी मंदिरों में भारी भीड़ दिखी। जय माता दी के जयकारों से देवी मंदिर गूंजते रहे। इस बार नवरात्र में मां दुर्गा शेर की सवारी छोड़ गज पर सवार होकर अंबे चौक, काली चौराहा, पुलिस थाने, स्वास्थ्य केंद्र और शंकर गढ़ तिराहे में माता रानी विराजमान हुई। पं. जगदीश शुक्ला के अनुसार इस बार बुधादित्य योग भी बन रहा है। यह शुभ संयोग है। नवरात्र में महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती सहित दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। हिंदू धर्म की परम्परा के अनुसार नवरात्रि में पूजा स्थल के पास जौ बोने की परंपरा है। इसके पीछे का कारण यह कि जौ को ब्रह्म स्वरूप और पृथ्वी की पहली फसल जौ को माना गया है। मान्यता के अनुसार यदि नवरात्र रविवार या सोमवार से शुरू हो तो मां का वाहन हाथी होता है। यह अधिक वर्षा का भी संकेत देता है। यही शुभ संयोग बन रहा है। रविवार से नवरात्र शुरू होने के कारण मां दुर्गा विराजमान हो चुकी हैं। सोमवार दूसरे दिन नवरात्र के दौरान देवी मंदिरों तक भक्ति की गंगा बहती रही। घरों में माता की सांझी स्थापित करने के साथ भक्तों ने पूजा अर्चना की। घट और कलश स्थापित किये गये। पूजा के समय घी का दीपक जलाएं तथा उसका गंध, चावल व पुष्प से पूजन किया गया। इसके साथ ही व्रत का दौर भी प्रारम्भ हो गया। व्रत से पाचन तंत्र मजबूत होता है।

## कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

### रेंडमाइजेशन उपरांत विधानसभा वार अलग-अलग की जाएंगी सीयू, बीयू और वीवीपेट

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम वेयरहाउस का विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट के सील बंद खोले गए, पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी की गई। उल्लेखनीय है कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सागर जिले की आठ विधानसभा को रेंडमाइजेशन के फलस्वरूप प्राप्त सूची के अनुसार ईवीएम मशीन अर्थात कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट मशीन चिन्हित की जाएगी। विधानसभा वार सभी मशीनें अलग-अलग करने के उपरांत संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को सुपुर्द की जाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। यह रेंडमाइजेशन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर कलेक्टर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी समस्त आरओ एवं एआरओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के ईएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपन्न कराई गई। शुरूआत में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा पूरी प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मंशानुसार दो बार रेण्डमाईजेशन किया गया। प्रत्येक चरण में जनप्रतिनिधियों तथा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा रैंडम रूप से चुने गये कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट के क्रम नोट किये गये। द्वितीय चरण के रेंडमाइजेशन को पार्टी प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से लॉक किया गया। अर्थात् द्वितीय रेण्डमाईजेशन को सभी की सहमति से फाइनल माना गया। फाइनल रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा वार रेण्डमाइजेशन की सूची उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों को प्रदान की गई।

## मां का ममत्व, स्नेह पाने के लिए देवता भी ललायत रहते है: यशोदानंदन दास



**सागर, देशबन्धु।** सिविल लाइन स्थित नव युवक जगराता काली कमेटी के दुर्गा पंडाल में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास पं. यशोदानंदन दास ने कलश यात्रा के बाद प्रथम दिवस कथा में कहा कि मां की महिमा अदभुत है, मां के जैसा कोई नही हो सकता है चाहे घर की मां हो या पंडाल में बैठी मां हो, उसको आपके परिवार की हमेशा चिंता रहती है। संसार में मां ही है जो निस्वार्थ भाव से हमेशा बच्चों की चिंता करती है। घर की मां की पहले सेवा करें वह भगवान के समान है। माता कभी कुमाता नही हो सकती, पुत्र भले ही कुपुत्र हो जाते है। मां का ममत्व, स्नेह पाने के लिए देवता भी ललायत रहते है। कर्म और धर्म साथ साथ चलते रहेंगे तो जीवन सार्थक होगा। ईश्वर के नाम का जाप भगवत की शरण प्राप्ति का साधन है।



## बाल विवाह मुक्त भारत के लिए छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह रोकने एवं इसके प्रति जागरूकता लाने बाल विवाह मुक्त मानव श्रृंखला बनाई गई। प्रभारी प्राचार्य आरके कपूर ने बाल विवाह रोकने हेतु बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन के सदस्य भी शपथ के समय उपस्थित रहे। इस मौके पर छोटेलाल सेन, कल्पना कपूर, गोपालदास चौरसिया, चंद्रभान कोरी, मधुलता कोष्टी, नरेश सेन सहित छात्राएं मौजूद रही।

## मतदान जागरूकता के लिए महाविद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित की



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ पीसी शर्मा के निर्देशन में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में डॉ. संजीव दुबे के मार्गदर्शन में मतदान जागरूकता को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संगीता मुखर्जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में निहारका सेन प्रथम, प्रियंका तिवारी द्वितीय तथा सेजल सेन और अंजली दांगी तृतीय स्थान पर रही। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिताओं का आशय जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। सोमवार को जिले के महाविद्यालयो में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसका जिला स्तरीय कार्यक्रम अग्रणी महाविद्यालय में 19 अक्टूबर को होगा।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन, ईवीएम मशीन बनाकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया। जिसमें शिफा बेहना प्रथम, वंदना विश्वकर्मा द्वितीय, मोहिनी पटेल तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. चंदन सिंह सागर, निधि नगाइच, डॉ. ऋतु व्यास, संदीप जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अपर्णा दुबे, भरत पटेल आदि मौजूद थे।

## कठपुतली और नुक्कड़ नाटक कर किया मतदान के लिए जागरुक




**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु सुनियोजित मतदाता शिक्षा और मतदान में भागीदारी के लिए जन जागरूकता गतिविधि संचालित कराई जा रही है। इसके अंतर्गत आज नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली डांस का आयोजन किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान करने के लिए जागरूक करना है। सीएमओ ने बताया कि हमारी टीम द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियां कराई जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य निकाय क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक कर विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मत का प्रयोग कर सकें साथ ही चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु रहवासियों को हमारी टीम द्वारा मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज नुक्कड़ नाटक कठपुतली कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने वार्डों में और सार्वजनिक स्थलों जयस्तंभ चौक, रेलवे स्टेशन के पास, नगर पालिका कार्यालय के पास, सूरजगंज क्षेत्र, एमजीएम कालेज के पास, पुरानी इटारसी तथा सरदार वल्लभभाई पटेल सतरस्ता न्यास कालोनी में नुक्कड़ नाटक और कठपुतली नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरुक किया गया है। सीएमओ ने बताया कि मतदाता जागरुकता की ये गतिविधियों विभिन्न माध्यमों से जारी रहेंगी।

## आकर्षण का केन्द्र है 9 देवियों का दरबार



**इटारसी, देशबन्धु।** दुर्गा उत्सव प्रारंभ हो चुका है। शहर में लगभग सौ स्थानों पर माता भगवती सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आर्डनेंस फैक्ट्री रोड पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां भुवनेश्वरी 9 देवी दरबार सजा है, जो काफी आकर्षक है।गौरतलब है कि पथरोटा से आयुध निर्माणी मार्ग पर केवल आधा किलोमीटर दूर दुर्गा उत्सव के पवन और पुनीत अवसर पर नौ देवियों की स्थापना की गई है। वर्षों से यह परंपरा जारी है। इस समिति के संयोजक मदन लाल केवट अपने सभी साथियों के सहयोग से यह आयोजन करते हैं। इन प्रतिमाओं को देखने के लिए नर्मदा पुरम जिले एवं बैतूल जिले से श्रद्धालु आते हैं। अत्यधिक सुंदर प्रतिमाएं बनाई गई हैं जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होती हैं।

## नगर परिषद माखननगर में मतदाता जागरूकता के लिए बनाया गया सेल्फी प्वाइंट

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले के नगर परिषद माखननगर में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। नगर परिषद माखननगर कार्यालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है, साथ ही नगर के चौराहों पर स्वीप के होर्डिंग्स फ्लेक्स लगाए जा रहें है एवं नगर में मतदाता जागरूकता रथ चलाया जा रहा है।

## नवरात्रि पर्व के दौरान जिले के नगरीय क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले की सीमा में भारी वाहन जिले के मुख्य मार्गों से होकर तेज रफ्तार से गुजरते है। जिससे नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान दुर्घटना की आशंका के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्र में नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोके जाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश दिए हैं। 26 अक्टूबर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित किया है। आदेश के तहत नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्रों एवं सलकनपुर धाम जिला सीहोर जाने वाले मार्ग पर नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले पर भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 कि तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## पंचवालयति मंदिर के पंच कल्याणक हेतु पात्र चयन 19 को

**सागर, देशबन्धु।** पंचवालयति दिगंबर जैन मंदिर के पंचकल्याणक महोत्सव हेतु पात्रों का चयन 19 अक्टूबर को होने जा रहा है। मुनिश्री अजित सागर एवं मुनिश्री निर्दोष सागर के ससंघ सानिध्य में आगामी 27 नवम्बर से 2 दिसंबर तक आयोजित पंचकल्याणक जिनविंब प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य संजय भैया मुरैना होगें। महोत्सव की तैयारियों को लेकर समितियों का गठन कर दिया गया है, साथ ही महोत्सव की रूपरेखा हेतु मनोनीत पदाधिकारी एवं संयोजकों की बैठक भी रखी गई। आगामी 19 अक्टूबर को जिनालय में सुबह अभिषेक पूजन के उपरांत सुबह 8 बजे से मुनि संघ के सानिध्य में पात्रों का चयन किया जावेगा। पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन मंदिर के समीप ही किया जा रहा है।

## सार समाचार

### वरिष्ठ नागरिकों की पहल, पहाड़ी को हरा भरा करने हेतु लगाएं पौधे



**नौगांव, देशबन्धु।** नगर के इंजीनियरिंग कॉलेज के पास नौरा पहाड़ी पर राष्ट्रीय चेतना विकास मंच नौगॉव द्वारा विगत 9 सप्ताह से लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। सभी पौधे प्रकृति के संरक्षण में हरे-भरे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनिवर्सल हयूमन बैल्यू के प्रर्वतक पंकज ने शीशम का पौधा एवं विशिष्ट अतिथि रवि शुक्ला ने कचनार का पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ किया। पर्यावरण विशेषज्ञ भगवान सिंह परमार ने गुलमोहर एवं नीम का पौधा लगाया।

राष्ट्रीय चेतना विकास मंच संयोजक पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी, डॉ एलएन रावत, संदीप बिलथरे, राजेन्द्र खरे ने सफाई के बाद गड्ढे खोदे तथा दो-दो पौधे लगाए। श्री तिवारी ने नगर के आम नागरिकों से अपील की है कि वह जन्मदिन विवाह की वर्षगांठ पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं । इस अवसर पर पूर्व में लगाए गए पौधों को पानी दिया गया तथा सभी पौधे हरे भरे एवं संरक्षित रहें।

### बुंदेलखंड की सबसे पुरानी 119 वर्ष प्राचीन रामलीला शुरू

**नौगांव, देशबन्धु।** बुंदेलखंड क्षेत्र की सबसे प्राचीन 119 वर्ष पुरानी श्रीरामलीला का शनिवार की रात मुकुट पूजन के साथ शुभारभ हो गया। रविवार की रात रामलीला के मंच पर देवताओं की पुकार, श्रीराम जन्म, विश्वामित्र आगमन,तड़का वध, राक्षसी लीलाओं सहित अन्य लीलाओं का मंचन किया गया। आज सोमवार को रामलीला के मंच पर मिथिला निमंत्रण, अहिल्या उद्धार, गंगा लीला, पुष्पवाटिका,जनकपुर बाजार आदि की लीलाओं का मंचन किया जाएगा। शहर में संचालित 119 वर्ष पुरानी रामलीला शनिवार की रात 8 बजे मुकुट पूजन के साथ शुभारंभ हो गई। रविवार को रामलीला के मंच पर देवताओं की पुकार, श्रीराम जन्म, विश्वामित्र आगमन ताड़का वध की लीलाओं का मंचन किया गया।

### ईशानगर पुलिस ने आठ साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया



**छतरपुर, देशबन्धु।** ईशानगर पुलिस स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चला रही है। ईशानगर पुलिस ने आठ साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आठ साल से फरार स्थाई वारंटी अनीश खान पुत्र हजरत उम्र 26 साल निवासी नई बस्ती महोबा रोड़ छतरपुर थाना सिटी कोतवाली जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 394,397 का प्रकरण न्यायालय में 2015 से चल रहा था। ईशानगर पुलिस ने आरोपी को नई बस्ती महोबा रोड़ मोहल्ला से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी को गिरफ्तार करने वालों में थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा, प्रधान आरक्षक जगवेन्द्र सिंह,राजेन्द्र सिंह,हफीज खान,आरक्षक राघवेन्द्र सिंह यादव, सतीश यादव,नरेंद्र यादव,राजेश रिछारिया आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### प्रत्याशियों के ऐलान के बाद छतरपुर में कलह के आसार

# केशुराजा, दौलत तिवारी, सिद्धार्थ सिंह ने दिए बगावत के संकेत



- बड़ामलहरा में मनोज यादव ने विरोध की ताल ठोकी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जैसे-जैसे राजनैतिक दलों के द्वारा अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया जा रहा है वैसे-वैसे दोनों दलों में टिकिट की आशा लगाए बैठे नेता बगावत के रास्ते पर निकलने लगे हैं। रविवार को छतरपुर जिले की 6 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों का ऐलान होते ही पार्टी के भीतर कलह और बगावत के आसार दिखने लगे हैं। बिजावर सीट पर टिकिट की दावेदारी कर रहे केशुराजा, राजनगर सीट पर टिकिट की दौड़ में शामिल सिद्धार्थ सिंह और महाराजपुर सीट पर टिकिट मांग रहे कांग्रेसी नेता अजय दौलत तिवारी ने सोमवार को फेसबुक पर लाइव आकर पार्टी के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की है और बागी होकर चुनाव लडऩे के संकेत दिए हैं।

उधर कांग्रेस ही नहीं भाजपा के भीतर भी कलह के आसार बन रहे हैं। बड़ालमहरा में भाजपा प्रत्याशी प्रद्युम्र सिंह की टिकिट फाइनल होते ही बक्स्वाहा क्षेत्र के नेता करन सिंह लोधी पहले ही अपना इस्तीफा भेजकर मैदान में कूदने का ऐलान कर चुके हैं। सोमवार को भाजपा के युवा नेता मनोज यादव ने भी यही संकेत दिए। उन्होंने बड़ामलहरा में किसान संवाद यात्रा निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया और मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने बाहरी प्रत्याशियों के तौर पर प्रद्युम्र सिंह और रामसिया को मैदान में उतारा है जो कि बड़ामलहरा की जनता को स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ामलहरा की जनता इस बार क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग कर रही थी। यदि जनता ने आदेश दिया तो वे चुनावी मैदान में उतरेंगे और क्षेत्रियता के मुद्दे के साथ चुनाव लड़ेंगे।

#### कांग्रेसी नेताओं ने जनता से मांगे सुझाव



सभी सीटों पर प्रत्याशियों के ऐलान के बाद इन नाराज कांग्रेस नेताओं ने जनता से सुझाव मांगे हैं। बिजावर सीट पर टिकिट की दावेदारी करने वाले केशुराजा ने पार्टी के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फेसबुक लाईव किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला स्वीकार नहीं है। केशुराजा बोले की कमलनाथ ने सर्वे के आधार पर टिकिट नहीं दिया है। केशुराजा ने मंगलवार को अपने गृहग्राम गहरवार में समर्थकों को आमंत्रित किया है और इन्हीं समर्थकों के बीच फैसला लेने की बात कही है। इसी तरह के संकेत सिद्धार्थ शंकर बुन्देला ने भी दिए। उन्होंने सोमवार को राजनगर के बलवंत महाविद्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनसे चुनाव के लिए सुझाव मांगे। महाराजपुर सीट पर टिकिट की दावेदारी कर रहे अजय दौलत तिवारी ने भी फेसबुक लाइव करते हुए पार्टी के द्वारा नीरज दीक्षित को टिकिट दिए पर नाराजगी व्यक्त की है और कहा है कि वे जल्द ही जनता के सुझावों पर फैसला लेंगे।

### 15 करोड़ की ठगी का मामला

# कारीगरों से सोना-चांदी लेकर फरार हुआ आभूषण व्यापारी



- एक दर्जन कारीगर एवं व्यापारी थाने पहुंचे, एफआईआर दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर शहर में करोड़ों रूपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक आभूषण कारोबारी लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक स्वर्ण कारीगरों एवं आभूषण व्यापारियों का सोना-चांदी लेकर रफूचक्कर हो गया है। ठगे गए आभूषणों की कीमत एवं नगद राशि लगभग 15 करोड़ रूपए के आसपास है। ठगी के शिकार हुए शहर के इन व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद एसपी अमित सांघी के निर्देश पर आरोपी नितिन सोनी के विरूद्ध धारा 420 का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

शिकायतकर्ता विजय सोनी ने बताया कि लंबे समय से नितिन सोनी चौक बाजार में ही रहकर कारीगरों से आभूषण बनवाने और इन्हें बाजार में बेचने का काम करता आ रहा था वह सभी का विश्वास पात्र बन गया था तथा होलमार्क सेंटर संचालित करने के कारण हम सभी उस पर भरोसा करते थे। नितिन सोनी 21 सितम्बर से अचानक लापता है। नितिन सोनी के पास कई व्यापारियों का सोना-चांदी एवं नगद रूपया रखा हुआ था जिसकी अनुमानित कीमत 15 से 20 करोड़ रूपए हो सकती है। पहले हम सभी ने नितिन सोनी को खोजने की कोशिश की इसके बाद पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपे जब उसका कुछ पता नहीं चल सका तो आज थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है।

#### इनका कहना है

छतरपुर के व्यापारियों ने अलग-अलग आवेदन देकर इस मामले की शिकायत की है। प्रथम दृष्टया ये करोड़ों की ठगी का मामला हो सकता है। पुलिस ने धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है हम जल्द ही आरोपी का पता लगाएंगे।

**अमित सांघी,** एसपी छतरपुर

### टैक्सी से उतारकर महिला के साथ किया सामूहिक बलात्कार



- पुलिस ने किया मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज की बड़ी टीक के पास महिला को टेक्सी से उतारकर मारपीट करते हुए आरोपियों ने सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी टीक पर इंसानियत को शर्मसार करने वाला हैवानियत का चेहरा सामने आया है। थाना क्षेत्र की 42 वर्षीय महिला ने पुलिस को दिए गए शिकायती आवेदन में उल्लेख किया कि वह शनिवार की दोपहर में गांव की टेक्सी में बैठकर बड़ामलहरा जा रही थी तभी बड़ी टीक के पास वहां एक युवक आया जो महिला को जबरन टेक्सी से उतारकर उसके साथ मारपीट करते हुए जंगल मे ले गया जहाँ पहले से मौजूद उसके साथियों ने महिला को जबरन शराब पिलाई और उसके कपड़े फाड़े और उसके साथ शराब के नशे में सभी ने बलात्कार किया। जिससे महिला के शरीर के बाहरी व अंदरूनी भाग में चोट आई हैं जबकि टेक्सी चालक वहां से टैक्सी लेकर भाग खड़ा हुआ था। थाना पुलिस ने घायल महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए पीड़िता के महिला अधिकारी के समक्ष कथन दर्ज करा कर उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म व मारपीट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियो की धर पकड़ हेतु दबिश जारी कर दी है। ज्ञात हो उक्त घटना स्थल पर अक्सर लूटपाट राहजनी व दुष्कर्म की घटनाओं से पीड़ित लोग बदनामी की डर की वजह से पुलिस में शिकायत दर्ज नही कराते जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### वरिष्ठ पत्रकार कमलेश पांडेय पंचतत्व में विलीन



**छतरपुर, देशबन्धु।** देशबंधु समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ कमलेश पांडेय आज पंचतत्व में विलीन हो गए। बीते रोज सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनका कल निधन हो गया था। सोमवार सुबह उनके पैतृक गांव गुघोरा में नम आँखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उनके एकलौते पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। श्री पाण्डेय ने कई समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी। वे अपनी लेखनी और ईमानदार छबि के लिये जानेजाते थे। उन्हें अंतिम विदाई देने बड़ी संख्या जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, साहित्यकार मौजूद थे। इससे पहले सभी ने स्व. पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बिजावर से टिकिट मिलने के बाद जटाशंकर में किए दर्शन

# 40 गाडियों के साथ छतरपुर पहुंचे चरण सिंह यादव

- बबलू शुक्ला पर हमला, बोले हर गांव में सिर्फ शराब बिकवायी



**छतरपुर, देशबन्धु।** रेत कारोबारी के रूप में विख्यात और बाहरी नेता के आरोप झेल रहे चरण सिंह यादव सोमवार को आखिरकार चुनाव लडऩे के उद्देश्य से छतरपुर जिले की बिजावर विधानसभा सीट पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने चुनावी अभियान की शुरूआत क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवधाम जटाशंकर मंदिर में दर्शन करने के साथ की है। लगभग 40 गाडियों के काफिले के साथ छतरपुर पहुंचे चरण सिंह यादव ने अपने ऊपर लग रहे आरोपों के जवाब देते हुए बिजावर विधायक बबलू शुक्ला पर तीखे हमले किए हैं।

मीडिया से रूबरू होते हुए चरण सिंह यादव ने कहा कि उन देश की किसी अदालत में कोई मुकदमा नहीं चल रहा है। सिर्फ एक मुकदमा पिछले उपचुनाव के दौरान छतरपुर जिले की पुलिस ने दर्ज किया था वह भी राजनैतिक षडयंत्र के तहत दर्ज हुआ मुकदमा है। उन्होंने बाहरी होने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि वे 20 साल से छतरपुर जिले की राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। खजुराहो क्षेत्र में उनकी संपत्ति पड़ी है वे बाहरी कैसे हो गए। कांग्रेसी नेताओं के द्वारा उनका विरोध किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने सभी समीकरणों को समझकर ही टिकिट दिया है। सभी नेताओं को साथ लेकर काम करेंगे। बबलू शुक्ला पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि श्री शुक्ला ने अपने पांच साल के कार्यकाल में गांव-गांव स्कूल तो नहीं खोले लेकिन हर तरह की शराब बिकवाने का काम जरूर किया है। चरण सिंह ने दावा किया है कि वे सभी समाजों का साथ लेकर चुनाव जीतेंगे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने निकाला फ़्लैग मार्च

**हरपालपुर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने के लिए तथा आमजन को निर्भीक होकर मतदान करवाने के उद्देश्य से पुलिस व सीआईएसएफ अर्धसैनिक बल ने थाना हरपालपुर क्षेत्र अंतर्गत नगर सहित आठ गांव में फ्लैग मार्च निकाला। हरपालपुर नगर में मुख्य मार्गो से होते हुए रेल्वे फाटक तक थाना पुलिस के जवानों ने अर्ध सैनिक बलों के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च नगर थाना से शुरू होकर नेहरू गेट, मंडी सड़क, पुरानी गल्ला मंडी, हरिहर रोड होते हुए थाना क्षेत्र के इमलिया, अमां, भदर्रा, रानीपुरा, पपटुआ, कराठा सहित अन्य गांवों में निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करें। फ्लैग मार्च में नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम, टीआई राकेश साहू, नायब तहसीलदार पूजा भोरहरी, पटवारी आशीष पांडेय सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



### बापू महाविधालय में संभाग स्तरीय महिला बास्केटबॉल का हुआ आयोजन



**नौगांव, देशबन्धु।** शासकीय बापू महाविधालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए मुकबालों के बाद हुए फाइनल मुकाबले में छतरपुर जिले की टीम ने 17-6 से सागर को हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 की संभाग स्तरीय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन नौगांव शहर के शासकीय बापू महाविद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ गोविंद सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ एलएन रावत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य भारतेंदु पटेरिया द्वारा की गई। उक्त प्रतियोगिता में चार जिलों की टीमो छतरपुर जिला, पन्ना जिला, दमोह जिला ,सागर जिला की टीम शामिल रही। पहला मैच छतरपुर जिला और दमोह जिले के बीच खेला गया जिसमें छतरपुर जिले ने 28 - 2 के विशाल अंतर से दमोह को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल सागर और पन्ना के मध्य खेला गया, जिसमें सागर ने पन्ना को 20-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला सागर और छतरपुर के मध्य हुआ। जिसमें छतरपुर ने सागर को 17-6 से हराकर विजेता का तमगा हासिल किया। मैच समाप्ति उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीमो को पुरस्कार वितरण पूर्व कुल सचिव डॉ पुष्पेंद्र पटेरिया एवं डॉ अरविंद महलोनिया कीड़ा अधिकारी महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के द्वारा प्रदान किया गया। संचालक प्रतिनिधि के रूप में प्रिया बघेल एवं खेल विशेषज्ञ के रूप में सुदीप पांडे ने राज्य स्तर के लिए टीम का चयन किया। चयनित टीम जबलपुर में आयोजित होनी वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। मैच में रेफरी की भूमिका में राजीव साहू, सरफराज खान एवं भोले शंकर रजक ने निभाई। मंच का संचालन धीरज चौबे के ने किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय का स्टाफ पीयूष कैन,कैलाश रजक, शीतल सरोठिया,मीनाक्षी सिंह,नेहा अवस्थी, कीड़ा प्रभारी प्रीति विश्वकर्मा, आयोजन प्रभारी उर्मिला बाथम मौजूद रहे, अंत में कीड़ा अधिकारी डॉ हेमंत कुमार यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मठ निर्माण खुदाई मे मिला अदभुत चमत्कारी पत्थर

**घुवारा, देशबन्धु।** बडामलहरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बछराबनी में सरपंच द्धारा प्राचीन मठ निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। मठ निमार्ण की खुदाई के दौरान एक अदभुत चमत्कारी पत्थर मिला है तो बही उस पत्थर को देखने के लिए आस पास के सैकडो महिला पुरूष व बच्च देखने के लिए जा रहे है। ग्राम पंचायत के सरपंच सीमा/ स्वरूप सिंह ने जानकारी देते हुये बताया है गांब मे बहुत पुराना एक मठ मंदिर बना हुआ जिसमे शंकर जी विराजमान है ग्रामबासियो के द्धारा मांग की गई कि इस प्राचीन मठ मंदिर को जीर्णउद्धारण कराया जाये ग्रामबासियो की मांग पर प्राचीन शिव मठ मंदिर का जीर्णउद्धधारण का कार्य कराया जा रहा था जिसके चलते बहां खुदाई का कार्य चल रहा था तभी खुदाई के समय बहां एक चारकोर का अदुभुत काला पत्थर मिला जो आकार मे बहुत भारी था लेकिन बजन अन्य पत्थरो की अपेक्षा कम लगा तो बही अदभुत पत्थर मिलने की खबर मिलते ही बहां पर गांब के बडे बुर्जग लोग पहुंचे और पत्थर को देखकर बताया कि यह पत्थर रामेश्वरम् मे जैसे रामसेतु बांध मे लगा बैसा ही प्रतीत हो रहा है।

### महर्षि विद्या मंदिर में अल्पविराम और आनंद सभा सम्पन्न

# ममता के निर्वाह में वात्सल्य का गला तो नहीं घोंट रहे : लखनलाल असाटी



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ देरी रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर के शिक्षकों के साथ सोमवार को आयोजित अल्पविराम सह आनंद सभा कार्यक्रम में लखनलाल असाटी ने कहा कि ममता संबंधी के शरीर के पोषण व संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की स्वीकृति का भाव है तो वात्सल्य संबंधी को समझदार और जिम्मेदार बनाने की स्वीकृति का भाव है। बच्चे के प्रति मोह के कारण कहीं हम ममता के निर्वाह में वात्सल्य का गला तो नहीं घोंट रहे हैं। प्राचार्य सीके शर्मा ने कहा कि शिक्षकों में परिवर्तन आएगा तो बच्चों में परिवर्तन जरूर आएगा। शब्दों का उपयोग और विश्लेषण समझने की जरूरत है, खुद भी समझिए और छात्रों को भी समझने का अवसर देकर उनकी योग्यता बढ़ाने का प्रयास किया जाए।*

*अल्पविराम के अंतर्गत शिक्षकों को आठ शब्दों पर विचार उपरांत अपने अनुभव साझा करने थे। सुदीप तिवारी ने इच्छा शब्द को परिभाषित किया। रामनरेश चतुर्वेदी ने प्रेम को, रामलखन शर्मा ने योग्यता को, अमित सक्सेना ने विचार को, मनोज दीक्षित ने स्नेह को, सपना पांचाल ने ममता को, शिवा सक्सेना ने क्षमता को तथा संध्या ने आशा शब्द को विस्तार से बताने का प्रयास किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। लखनलाल असाटी ने कहा कि दूसरे को संबंधी के रूप में स्वीकार करने का भाव स्नेह है। इसका आशय यह है कि सामने वाला भी मेरे जैसा है और इस संबंध की स्वीकृति के लिए किसी आधार और शर्त की आवश्यकता नहीं होती। स्नेह का भाव ईर्ष्या औ द्वेष को इंगित करता है। सामने वाले का मान-सम्मान बढ़ रहा है, लोगों में उसके प्रति विश्वास बढ़ रहा है और यह जानकर हम कम्फरटेबिल नहीं है तो यही द्वेष है। द्वेष का अर्थ है आपकी दुनिया अलग और मेरी दुनिया अलग। सामने वाले का विकास मेरे ह्रास का कारण बन रहा है तो यही द्वेष और ईर्ष्या है। स्नेह रहता है तो संबंध में परस्पर पूरकता के लिए जिम्मेदारी और निष्ठा बढ़ती है तथा आपस में निर्वोधता भी बढ़ती है।*

सागर, मंगलवार 17 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जलवायु परिवर्तन: बच्चों के छूटते स्कूल

लगभग तीन दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बात पर गहन चिंता प्रकट हो रही है कि जलवायु परिवर्तन का तमाम देशों के लोगों पर बहुत ही विपरीत असर पड़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई वर्ग हो जो इससे प्रभावित न हो रहा हो। लोगों के सामने यह साफ है कि जिस तेजी से दुनिया की जलवायु में बदलाव हो रहा है उसके चलते कुछ समय के बाद कई शहरों और इलाकों के सामने उनके अस्तित्व का ही संकट खड़ा हो जायेगा। लोगों के पलायन, विस्थापन और पुनर्वास का मसला बहुत बड़ा रहेगा। पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी, समुद्र तट के इलाके हों या फिर रेगिस्तानी, जलवायु परिवर्तन के असर से शायद ही कोई अछूता रह सकेगा। स्वाभाविक है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वालों के सामने कोई अन्य विकल्प नहीं रह जायेगा कि वे प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर अन्यत्र आसरा लें। अपने मूल स्थानों को छोड़ने से किस तरह से अन्य संकट मानव जीवन में आते हैं, यह अब दुनिया भर में देखा जा रहा है। कटते जंगलों या डूबते तटीय इलाकों को छोड़कर जाने वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट से लेकर अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की बड़ी चुनौती होती है। नयी जगह पर खुद को ढालना मुश्किल होता है, यह भी सब जानते हैं।

जलवायु परिवर्तन का जो असर मानव जीवन पर होगा, उसके विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन दुनिया भर के वैज्ञानिक, समाजशास्त्री एवं अन्य विधाओं के लोग कर रहे हैं। विभिन्न शोध एवं विश्वविद्यालयीन अध्ययन अनेक तरह के निष्कर्ष लेकर सामने आए हैं। ऐसे सभी शोध मनुष्य के भविष्य को लेकर भयावह तस्वीरें बयां करते हैं। प्रभावित लोगों के समक्ष आजीविका से लेकर सांस्कृतिक नुकसानों तक की चर्चा होती है। लगभग हर वर्ष अनेक शासकीय व अशासकीय स्तर पर कार्यरत संस्थाएं और संगठन इस विषय पर सभा-सम्मेलन आयोजित करते हुए इस दिशा में अनेक प्रकार के उपाय सुझाते हैं। राष्ट्र संघ की भी चिंताओं में यह विषय शामिल है। फिर भी इसमें बहुत कामयाबी मिलती नहीं दिखाई दे रही है। विभिन्न कारणों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना जलवायु परिवर्तन को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है परन्तु ज्यादातर देश इस लक्ष्य को पाने में नाकाम रहे हैं।

इसी क्रम में आई एक नयी रिपोर्ट बतलाती है कि ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा असर दुनिया भर के बच्चों पर हो रहा है। यूनिसेफ की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली बाढ़, तूफान, सूखा व जंगलों की आग के कारण हर रोज 20 हजार बच्चे स्कूल छोड़ने के लिये मजबूर हो रहे हैं। 44 देशों में हुए इस अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2021 के बीच 4.31 करोड़ बच्चों को शालाएं छोड़नी पड़ीं। अकेले हो या सपरिवार, विस्थापन के चलते भारत, चीन और फिलीपींस में ही 2.23 करोड़ विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी। बाढ़ व तूफान प्रमुख कारण रहे हैं। अनुमान व्यक्त किया गया है कि जिस तरह से मौसम का बदलाव जारी है, 30 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा बच्चे केवल इन्हीं कारणों से शालाएं छोड़ देंगे। डोमिनिका, वानुआतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में रहने वाले बच्चे तूफान से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। दूसरी तरफ, जहां बाढ़ ने बच्चों का जीवन तहस-नहस किया. उनमें सोमालिया व सूडान सबसे ऊपर हैं। सूखे के कारण 13 लाख और जंगलों में लगने वाली आग से 8 लाख से अधिक बच्चे विस्थापित हुए जिसके कारण उनके स्कूल छूटे हैं। कनाडा, इज़रायल तथा अमेरिका में सबसे ज्यादा ऐसी आगजनी हुई है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि दुनिया भर के बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने के लिये और भी 4.5 करोड़ शिक्षकों की आवश्यकता है।

बच्चों को लेकर प्रकाशित हुई यह रिपोर्ट केवल जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में है। गरीबी, बेरोजगारी, अकाल, भूकम्प, युद्ध, दंगे, सरकारी उत्पीड़न, पलायन, अलगाववादी या आतंकी संगठनों चलाये जाने वाले अभियानों के तहत होने वाली कार्रवाइयों जैसे और भी अनेक कारण होते हैं जिनसे बच्चों की पढ़ाई छूटती है। इज़रायल-फिलीस्तीन युद्ध को ले लें या फिर भारत के मणिपुर को देखें, तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर हो रहा है। कुछ राज्यों में माओवादियों द्वारा स्कूल या तो बर्बाद किये जाते रहे हैं या उनकी दहशत के कारण लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना बन्द कर देते हैं।

ऐसे स्थलों से होने वाले पलायन के कारण बच्चों की शालाएं पीछे रह जाती हैं। ग्रामीण इलाकों में अकाल पड़ने पर परिवारों के सामने आजीविका सम्बन्धी संकट आ खड़ा होता है फलत: वे पलायन कर जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन वे बच्चों की शिक्षा जारी नहीं रख पाते या छूट चुकी पढ़ाई को पुन: प्रारम्भ नहीं कर पाते। वे जगह-जगह काम के लिये घूमते रहते हैं। इसके चलते उनके लिये सम्भव नहीं रह जाता कि बच्चों को कोई स्थायी स्कूल प्रदान करा सकें। ऐसे एक नहीं बहुतेरे कारण होते हैं जिनके चलते बच्चों को उनके स्कूल व अध्ययन को छोड़ना पड़ता है। कारण जो भी हो, जलवायु परिवर्तन का बच्चों की शिक्षा पर होने वाले असर के बहाने से ही सही, सभी देशों की सरकारों के लिये यह इस निश्चय को दोहराने का अवसर है कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के व्यवधान दूर हों। एक आधुनिक व सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका व योगदान को बतलाये जाने की ज़रूरत नहीं है। इसलिये सारी सरकारें और विश्व मंच इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर हल निकाले ताकि किसी भी बच्चे को शाला न छोड़नी पड़े।

# ...अम्मा चलीं मदर ऑफ डैमोक्रेसी कहलाने

नरेंद्र मोदी राज के गरीबों का कल्याण करने के अति-प्रचार पर पानी फेरते हुए, एक बार फिर वैश्विक भूख सूचकांक तैयार करने वाले प्रतिष्ठित संगठनों ने दिखाया है कि मौजूदा निजाम में गरीबों की हालत, वास्तव में बद से बदतर होना जारी है। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख का पैमाना, आम जनता की दशा का न्यूनतम से न्यूनतम पैमाना है, जो दिखाता है कि पेट भर जरूरी आहार हासिल करने की न्यूनतम जरूरत पूरी कर पाने से भी गरीब कितनी दूर हैं। और इस न्यूनतम पैमाने पर भारत, जो जीडीपी के लिहाज से दुनिया की पांचवीं बल्कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दम भरता है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंच जाने की शेखी मारता है, 2023 के लिए की गई गणना में, दुनिया के उल्लेखनीय रूप से भूख से प्रभावित 125 देशों में, 111वें नंबर पर निकला है। पड़ौसी देशों में लंबे पश्चिमी कब्जे तथा उसके खिलाफ युद्ध से तबाह अफगानिस्तान और अफ्रीकी गरीब देशों में सोमालिया समेत, कुछ चौदह देश ही हैं, जहां की जनता भारत से भी ज्यादा भूख की मारी हुई है। याद रखने की बात है कि बांग्लादेश की तो बात छोड़ ही दें, पड़ौसी देशों में उस पाकिस्तान में भी हालात भारत से बेहतर हैं, जहां आटे के ऊंचे दाम और भूख के चलते दंगों की खबरें भारत का गोदी मीडिया बड़े चटखारे लेकर प्रसारित करता है। और उस श्रीलंका से भी, जहां पिछले साल भूख की मारी जनता बगावत पर उतर आई थी और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सरकार को एक मौके पर तो देश छोड़कर ही भागना पड़ा था!

जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है, देशों की भूख की स्थिति की शुद्ध गणना का पैमाना मानने के बजाय, इसे भूख के पहलू से देशों की तुलनात्मक स्थिति का पैमाना मानना ही ज्यादा सटीक होगा। मिसाल के तौर पर पिछले साल भारत, 121 देशों में से 107वें नंबर पर था, जबकि इस बार इस सूचकांक में शामिल देशों की संख्या, चार देशों के और जुड़ने के साथ, 125 हो गई है और भारत 111वें अंक पर खिसक गया है। ऐसे में मुश्किल होते हुए भी सैद्धांतिक रूप से यह असंभव नहीं है कि सभी चार देश, भारत से कम भूख वाले जुड़े हों और इसलिए, भारत का पिछले साल से चार अंक नीचे खिसक जाना, अपने पीछे उसके जहां के तहां बने रहने की ही सच्चाई छुपाए हो। बहरहाल, भारत किसी भी तरह से पिछले साल की अपनी स्थिति के मुकाबले, दूसरे देशों की तुलना में भी रत्तीभर सुधार का भी दावा नहीं कर सकता है।

इस सिलसिले में यह भी गौरतलब है कि आयरलैंड तथा जर्मनी की दो गैर-सरकारी संस्थाओं—कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगरहिल्फ—द्वारा हर साल तैयार की जाने वाली विश्व में भूख की स्थिति पर यह प्रतिष्ठित रिपोर्ट, महज आहार और पोषण की उपलब्धता पर ही आधारित नहीं होती है। इस रिपोर्ट में कुल चार पैमानों को लिया जाता है यानी आहार गत स्थिति के अलावा, पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों की अल्पविकास या वेस्टिंग यानी लंबाई के अनुपात में वजन के कम रहने का दर्जा। तीसरा पैमाना है, बच्चों का ठिग्गापन या स्टंटिंग यानी उम्र के अनुपात में, लंबाई कम रहने का दर्जा। और



राजेंद्र शर्मा

> जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है।

आखिरी पैमाना है, पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए मृत्यु दर। भूख की दशा के इस माप में, आहार या पोषण की आम स्थिति के अलावा, बच्चों से संबंधित तीन पैमाने जोड़े जाना, विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह इस माप को बच्चों के विकास पर पड़ रहे प्रभाव का माप करने के जरिए, सिर्फ तात्कालिक भूख से बढ़कर, भूख के टिकाऊ रुझान का माप बना देता है। और यह माप, किसी भी देश के भविष्य के लिए परिप्रेक्ष्य के रूप में भूख को सामने लाता है, यह तो खैर स्वत:स्पष्ट ही है।

यह रिपोर्ट बताती है कि भारत में 18.7 फीसद बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। यह अनुपात, दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। इस अनुपात का 15 फीसद से ज्यादा होना ही 'अत्याधिक' चिंताजनक की श्रेणी में आता है और भारत में यह अनुपात इस श्रेणी में भी कहीं ज्यादा है। भारत, भूख के मारे इन 125 देशों भी इकलौता है, जहां चाइल्ड वेस्टिंग को 'अत्याधिक' चिंता की श्रेणी में रखा गया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि इसे ही कुपोषण का सबसे बुरा रूप तथा खराब संकेतक माना जाता है। जहां तक बच्चों की ही स्थिति से जुड़े दूसरे पैमाने, ठिग्गेपन या स्टंटिंग का सवाल है, भारत में 35 फीसद बच्चे अपनी उम्र के अनुपात में कम लंबे हैं। इस मामले में भी भारत की स्थिति को 'अत्यधिक' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है, हालांकि इस मामले में भारत की ही स्थिति सबसे बुरी नहीं है। कई अफ्रीकी तथा पूर्वी एशिया के भी कुछ देशों की स्थिति, इस मामले में भारत से भी बदतर है। तीसरे पैमाने पर, जो कि पांच वर्ष तक आयु के बच्चों की मौत का पैमाना है, भारत में करीब 3.1 फीसद बच्चे पांच वर्ष तक नहीं जीते हैं और इस मामले में भारत को 'कम जोखिम' की श्रेणी में रखा गया है। रही बात आबादी के कुपोषण या अल्पपोषण की तो, 16.6 फीसद अल्पपोषित आबादी के साथ, भारत की स्थिति को 'मध्यम' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है। और कुल मिलाकर, भारत का ग्लोबल हंगर इंडैक्स स्कोर 28.7 है, जो भूख की 'गंभीर' स्थिति को दिखाता है। इस सूचकांक में शामिल किए गए 125 देशों में से भी सिर्फ 40 देश ही 'गंभीर' भूख की श्रेणी में आते हैं और दुनिया का सबसे तेजी से विकास कर रहा देश होने का दावा करने वाला भारत, इसी श्रेणी में शामिल है।

हैरानी की बात नहीं है कि मोदी राज ने पिछले कई वर्षों की तरह, एक बार फिर विश्व भूख सूचकांक को सिरे से खारिज कर दिया है। वास्तव में मोदी राज का यह तरीका ही बन गया है कि जो भी सूचकांक, उसके शानदार प्रदर्शन की गवाही नहीं देता है, उसे गैर-तथ्यपूर्ण से लेकर, दुर्भावनापूर्ण तक कहकर खारिज ही कर दिया जाता है। मिसाल के तौर पर, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत, 2023 में दुनिया के 180 देशों में खिसक कर 161वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल वह 151वें स्थान पर था। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख सूचकांक की ही तरह, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भी भारत तेजी से रसातल की ही ओर ही बढ़ता जा रहा है और मोदी राज इस सूचकांक को भी उतनी ही हिकारत के साथ खारिज करता आया है। ऐसा ही किस्सा, धार्मिक स्वतंत्रता आदि से संबंधित रिपोर्टों का भी है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों को ही नहीं, देश के स्तर पर भी मोदी राज ने अप्रिय वास्तविकताओं को छुपाने के लिए, आंकड़ों और सूचकांकों को दबाने को ही नियम बना लिया है। लेकिन, इस मामले में तो मोदी सरकार, भूख की सच्चाइयों को झुठलाने के लिए यह दलील देने की हद तक चली गई है कि भारत में बच्चों की स्टंटिंग तथा वेस्टिंग को, भूख के साथ जोड़ना ही गलत है और पांच साल से कम की आयु में मौतों का भी भूख से संबंध नहीं जोड़ा जा सकता है, आदि। यानी मोदी सरकार सच को छुपाने के लिए यह दलील देने तक के लिए तैयार है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर, जिसमें उनका जीवन भी शामिल है, भूख के प्रभाव को, भूख का संकेतक नहीं माना जा सकता है! लेकिन, यह सिर्फ भूख का नहीं, ऐसी भूख का मामला है, जो देश के भविष्य को, अगली पीढ़ी को ही कमजोर कर रही है।

लेकिन, जैसा कि मोदी राज ने नियम ही बना लिया है, वह सौ बार झूठ बोलकर, सच को ही नकारने में लगा है। भूख सूचकांक पर देश के दयनीय प्रदर्शन को झुठलाने की कोशिश में, प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में उत्तराखंड के अपने सरकारी दौरे पर जोर-शोर से इसकी डींग हांकी कि उनके राज में पिछले पांच साल में साढ़े तेरह करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठाया गया है! यह दावा, गरीबी के ऐसे झूठे मापों की तुलना के आधार पर किया जा रहा है, जिनके आधार ही अलग-अलग होने की वजह से, जिनकी तुलना की ही नहीं जा सकती है। सच्चाई यह है कि भारत में स्वतंत्रता के बाद से, गरीबी को ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन 2200 कैलोरी और शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी आहार तक पहुंच के जिस मानक से परिभाषित किया जाता था, उसे ही पिछले ही अनेक वर्षों में धीरे-धीरे त्याग दिया गया। नतीजा यह हुआ कि वास्तव में आहार की स्थिति दरिद्र से दरिद्रतर होती गई, फिर भी सरकारी आंकड़ों में गरीबी घटती गई। और अब तो मोदी राज ने गरीबी के माप के उस दिखावे को भी त्याग दिया है और मनमाने संकेतकों के बल पर, मनचाहे दावे किए जा रहे हैं। नतीजा यह कि सरकारी दावों में गरीबी जितनी तेजी से घट रही है, जनता के बीच भूख उतनी ही तेजी से फैल रही है। और वह शासन जो अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त राशन बांटने का इतना ढोल पीटने के बावजूद, देश को 'गंभीर' भूख के चंगुल तक से निकाल नहीं पा रहा है, खुद ही अपने मुंह से मदर ऑफ डैमोक्रेसी के दावे कर रहा है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# हमास के अमानवीय हमले से नेपथ्य में जाती फ़िलिस्तीन के अधिकारों की लड़ाई

हमास के आतंकी हमले के नृशंस और अमानवीय रूप ने फ़िलिस्तीन का ही सबसे ज़्यादा नुक़सान किया है। हमास के अत्याचार के फ़ोटो-वीडियो आदि देखकर लोग बदले के उन्माद में फ़िलिस्तीन के नागरिकों के मानवाधिकारों की बात ही भूल गए हैं तो फ़िलिस्तीन की आज़ादी की मांग बहुत नेपथ्य में चली गई है। हमास ने इज़राइल पर अप्रत्याशित हमला कर सैकड़ों इज़राइलियों को मौत के घाट उतारकर फ़िलिस्तीन के लिए तो आत्मघाती क़दम उठाया ही, पूरे विश्व की शांति को भी ख़तरे में डाला है।

ज़ाहिर तौर पर हमास के आतंकियों को इस हमले के लिए आवश्यक साधन और ट्रेनिंग उसे समर्थन दे रहे मुट्ठी भर देशों से मिली। इसके बिना हमास की ताक़त नहीं थी कि विश्व की सबसे बेहतरीन इंटेलीजेंस एजेंसी माने जाने वाली मोसाद, इज़राइल के मित्र देशों के इंटेलीजेंस नेटवर्क, इज़राइल के अभेद माने जाने वाले सुरक्षा चक्र और यहां तक कि हवाई हमलों से बचने की इज़राइल की तकनीक को विफल कर दे। यह हमला इतना अनपेक्षित था कि इज़राइल की सेना को स्थिति समझने और सम्भालने में कई घंटे लगे। लेकिन जब इज़राइल की सेना जागी तब दूसरी ओर का नरसंहार तय था। हमास की ग़लती की सज़ा पूरा फ़िलिस्तीन ख़ासकर ग़ाज़ा पट्टी का क्षेत्र भुगत रहा है। यहां हमास के आतंकवादियों के साथ आम नागरिक- बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी बड़ी तादाद में मारे जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से फ़िलिस्तीनियों के मानव अधिकारों की बात करने वालों का अकाल सा पड़ गया लगता है। दुनिया के बहुत सारे देशों के नागरिक ग़ाज़ा पट्टी के नेस्तनाबूद होने के इंतज़ार में लग रहे हैं। इस समय इज़राइल की सेना के हर हमले को शांतिप्रिय समझे जाने वाले देशों के नागरिक भी बड़े उत्साह से देख रहे हैं और उसे समर्थन दे रहे हैं। ऐसे माहौल में शांति और आम फ़िलिस्तीनी नागरिक के अधिकार की बात बहुत पीछे छूट गई लगती है, जो कि एक दुखद मंज़र है।



आलोक बाजपेयी

> यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा।

यूं देखा जाए तो फ़िलिस्तीन उन दुर्भाग्यशाली देशों में है जिसकी क़िस्मत में शांति अमूमन कम ही रही है। यास्सेर अराफ़ात के करिश्माई व्यक्तित्व और ख़ूबियों के कारण फ़िलिस्तीन के मुक्ति संघर्ष को न सिर्फ दुनिया के कई मुल्कों का समर्थन मिला बल्कि भारत में इंदिराजी, अटलजी सहित अनेक नेताओं से अराफ़ात के बहुत ही प्रेमपूर्ण सम्बंध रहे। हिंसक संघर्ष से शुरुआत कर यास्सेर अराफ़ात ने जब शांति का मार्ग अपनाया और अमेरिका की मध्यस्थता में इज़राइल के साथ 1993 में ऐतिहासिक ओस्लो शांति समझौता किया तब फ़िलिस्तीन को शांति के कुछ वर्ष बमुश्किल नसीब हुए। इन वर्षों में फ़िलिस्तीन में लोकतंत्र की बयार भी आई और फ़िलिस्तीनी लेजिस्लेटिव काउंसिल का गठन भी हुआ। पहला चुनाव अराफ़ात की फ़तह पार्टी जीती भी। वर्ष 2004 में अराफ़ात की रहस्यमय कारणों से मृत्यु के एक-दो वर्ष पूर्व से उनकी राजनैतिक मुश्किलें बढ़ीं, सत्ता अपनी ही पार्टी के दूसरे व्यक्ति को सौंपनी पड़ी और हत्या की साज़िशों का सामना करना पड़ा। लेकिन 2006 अपने दूसरे और आखिरी चुनाव में पूरी दुनिया को चौंकाते हुए फ़िलिस्तीनियों ने आतंक का मूल स्वर रखने वाले संगठन हमास को सत्ता में बैठा दिया। तब से ही फ़िलिस्तीन में न सिर्फ नस्लीय कट्टरता बढ़ी, हिंसा लौटी बल्कि विकास के सारे रास्ते भी अवरुद्ध होते गए। आज स्थिति यह है कि फ़िलिस्तीन में हज़ारों घायलों के इलाज में भी मुश्क़िल आ रही है क्योंकि इज़राइल ने बिजली समेत अनेक ज़रूरी चीज़ों की आपूर्ति अवरुद्ध कर दी है। ग़ाज़ा पट्टी पर एक लाख सैनिकों, हथियारों आदि के साथ इज़राइली सेना की तैनाती के बाद भी हमास की ओर से रॉकेट के हमले जारी रहे जिनका ख़ामियाज़ा ज़ाहिर तौर पर फ़िलिस्तीन के निरपराध नागरिक भी भुगतेंगे। आतंकवादी संगठन के हाथ में सत्ता सौंपना ही फ़िलिस्तीनी नागरिकों का वो अपराध है जिसकी सज़ा वे लगातार भुगत रहे हैं और आगे भी भुगतने को अभिशप्त हैं।

हमास को ईरान के अलावा लेबनान के हिज़्बुल्ला, चीन, रूस आदि चंद देशों का समर्थन सदैव हासिल तरह रहा है। सऊदी अरब जैसे देशों ने हमले के बाद फ़िलिस्तीनी अधिकारों की भी बात की है। उधर इज़राइल को अमेरिका और ज़्यादातर यूरोपियन देशों, सहित लगभग 84 देशों का समर्थन प्राप्त हो चुका है। अमेरिका ने अपने सैनिक विमानों से लैस युद्धपोत इज़राइल की मदद के लिए भेज दिए हैं। मोटे तौर पर दुनिया के देशों की प्रतिक्रिया जहां हमले की निंदा के मुद्दे पर एकमत है वहीं फ़िलिस्तीन और शांति की बात पर विभक्त है। दु:ख की बात यह है कि ज़्यादातर देशों के नेताओं ने शांति की कोई मांग की ही नहीं है। अन्तरराष्ट्रीय मीडिया में भी इज़राइल के शौर्य को ललकारा जा रहा है और उसके बदले की कार्रवाई को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर गौरवान्वित किया जा रहा है। फ़िलिस्तीन में मारे जा रहे बच्चों - महिलाओं, बुज़ुर्गों की आवाज़ उठाने वाला कोई नहीं। ऐसा लग रहा है कि पूरे फ़िलिस्तीन को ही आतंकवादी संगठन हमास के रूप में देखा जा रहा है। इस भ्रांति को तोड़े जाने की ज़रूरत है। हमास की ग़लतियों की सज़ा पूरे फ़िलिस्तीन के नागरिकों को देना ठीक नहीं। विश्व के बड़े नेताओं को अब शांति की पहल भी करना चाहिए। मुख्य रूप से इस्लामिक देशों का फ़िलिस्तीनियों से जुड़ाव इस सारे मामले को अलग स्वरूप दे रहा है। यद्यपि अभी तक इज़राइल ने किसी दूसरे देश से सैन्य सहायता नहीं मांगी है, लेकिन निकट भविष्य में यदि अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण हुआ तो विश्व शांति पर आंच आने की सम्भावना एकदम निर्मूल भी नहीं।

यदि किसी भी विवाद में एक पक्ष मुस्लिम और दूसरा ग़ैर मुस्लिम हो तो उस विषय में भारतीयों के कुछ बड़े तबकों की रुचि बढ़ जाती है। ऐसे मामलों को अक्सर साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाता है। इसीलिए भारत में जहां मुस्लिम संगठन से युद्ध के कारण इज़राइल को हीरो मानने वाला तबक़ा भी है तो बिना हमास के कुकर्मों की निंदा किए फ़िलिस्तीन का समर्थन करने वाला तबक़ा भी। शासन के दबाव में प्रशासन फ़िलिस्तीन के समर्थन में रैली आदि निकालने वालों पर एफ़आईआर जैसे मामले भी सामने आने लगे हैं। कुल मिलाकर भारत में इस विवाद को अपने पसंदीदा चश्मे से देखा जा रहा है। किसी को याद नहीं कि फ़िलिस्तीन किसी समय भारत का मित्र होता था और स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को यास्सेर अराफ़ात अपनी बहन मानते थे और वे अटलजी के भी बेहद क़रीब रहे। सोशल मीडिया पर भी अपनी पसंद -नापसंद के इज़हार के साथ असली -नक़ली वीडियो भी ख़ूब वायरल हो रहे हैं। जिस तरह से घटनाक्रम चल रहा है उससे यह भी स्पष्ट है कि अभी कुछ दिन और यह मुद्दा भारत में भी अपने अपने नैरेटिव के हिसाब से सोशल मीडिया पर सुर्ख़ियां बनाता रहेगा और बहसों का केंद्र रहेगा। यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा। तो आइये अब लौट चलें शांति और मानवाधिकारों की ओर। हिंसा हमेशा बुरी है और शांति सदैव श्रेष्ठ। आइये शांति की उम्मीद और प्रार्थना करें।

*( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी हैं। )*

## पावन प्रसंग

# शक्ति व साधना का पर्व : नवरात्रि

वर्षभर में नवरात्रि दो बार आती है। नवरात्रि में नौ देवियों की पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति साधना का पर्व कहलाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से जिस समय नवरात्रि आती है वह काल संक्रमण काल कहलाता है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जहां शीत ऋतु शुरू होती है। दोनों ही समय वातावरण में विशेष परिवर्तन होता है। जिसमें अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है। उपवास के माध्यम से शरीर के बढ़े हुए या कम हुए तापमान को नियंत्रित कर शुद्ध आचार-विचार, आहार के द्वारा नई ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ऐसा करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है।

वासंतिक नवरात्रि से भारतीय नवरात्रि से भारतीय नववर्ष शुरू होता हैं। विक्रमी संवत् का प्रारम्भ गुप्त वंश के महान सम्राट विक्रमादित्य के विदेशी आक्रमणकारी जो लगभग अजेय थे उन शंकों को परास्त कर विजय स्मृति के रूप में प्रारम्भ किया था। भारत में प्रचलित सभी कला गणनाओं के अनुसार सभी संवतों का प्रथम दिन भी चैत्र शुक्ल प्रथम ही हैं। नवरात्रि के तहत नौ दिन मां भगवती के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर उपवास रखा जाता है। वर्ष में दो बार आने वाले इन नवरात्रों के तहत दुर्गा मंदिरों में विशेष उत्सव और समारोह होते ही हैं अधिकांश भारतीय परिवारों में देवी की विशेष पूजा व हवन भी किये जाते हैं। इन दिनों देवी के निमित्त व्रत रखने का विधान हैं। यदि नौ दिन के व्रत रखना संभव न हो तो पहले और अंतिम नवरात्रि का व्रत रखना चाहिए। इसका समापन कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें वस्त्र, पैसे आदि भेंट करने से होता है।

नवरात्रों में मंदिर जाएं या नहीं घर पर एक निश्चित स्थान पर पूजन करने का शास्त्रों में विधान है। पूजा स्थल का यदि फर्श कच्चा है तो गोबर से लीप कर और यदि फर्श पक्का है तो पानी से धोकर वहां लकड़ी का एक पटरा रखा जाता हैं और घड़े या लोटे में जल भर कर कलश की स्थापना की जाती है। सिंहवाहिनी भगवती दुर्गा का चित्र पटरे पर रखा जाता है। कलश पर नारियल को लाल कपड़े से लपेटकर रखा जाता है। इस प्रकार आठ या नौ दिन पूजा के बाद महालक्ष्मी का रामनवमी की पूजा कर कन्या का पूजन भी किया जाता है। कन्याओं को रोली का टीका लगाकर उनके हाथ में मौली बांधी जाती है। कई लोग घर में रखे गये श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का विधान अनुसार पूजा के बाद हवन भी करते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार आज इसी दिन ब्रह्मा जी की पूजा आराधना का शास्त्रीय विधान भी है।

मां भगवती के नौ रूप इस प्रकार हैं-शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कन्द माता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी एवं सिद्ध दात्री। वैसे तो वर्ष में चार बार नवरात्रों का आगमन होता है। लेकिन शुक्ल पक्ष एवं अश्विन पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक आने वाले नवरात्रों का विशेष महत्व है। नवरात्रों में भक्तगण वैष्णव तरीके से व्रत अथवा उपवास रखकर मां भगवती की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं।

नवरात्रों मे किये गये देवी पूजन, हवन, धूप-दीप आदि से घर का वातावरण व आत्मा तक को एक अलौकिक शक्ति एवं शुद्धि की प्राप्ति होती है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में देवी पूजा की कई विधियां, व्रत एवं आत्म संयम का वर्णन किया गया है किन्तु आधुनिक युग के परिवेश में वेद पुराणों में लिखित पूजा का विधान से पालन कर पाना प्रत्येक मनुष्य के लिए संभव नही है। दिखावे के लिए किया गया पूजा पाठ, समय-शक्ति एवं धन का अपव्यय होता है। इसलिए समय, साधन और श्रद्धा के अनुसार नवरात्रों से सम्बन्धित जप एवं मंत्र के भावार्थ को अपने जीवन में सार्थक करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। आंतरिक व बाहरी स्वच्छता व शक्ति प्राप्ति का सहज मार्ग मां दुर्गा के नवरात्रों के लिए व्रत पालन का संकल्प बिना किसी दबाव दिखावे अथवा नि:स्वार्थ और श्रद्धा अनुसार किया जाना चाहिए।

**चेतन आचार्य सुमन सागर**

## आपके पत्र

# तेलंगाना में मतदाताओं को रिझाने लगाया घोषणाओं का अंबार

जनता और सरकार के बीच तादात्म्य स्थापित नहीं होने और मतदाता राजनैतिक दलों से मुंह मोड़ लेती है तब जनता को अनेक प्रकार का प्रलोभन देकर वोटबैंक खड़ी की जाती है। यह सत्तारूढ़ और विपक्षी दल इस माहौल से गुजर रहे हैं। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश आदि उदाहरण हमारे सामने है। मतदाता पार्टी से विमुख हो जाते हैं तब मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट देने का आग्रह किया जाता है। दो रुपए किलो गेंहू, पांच सौ रुपए सिलेंडर और सौ यूनिट मुफ्त बिजली का आफर देकर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। लेकिन मतदाता अपने स्वार्थ में उन उम्मीदवारों को वोट देकर जीत दिलाते हैं, जिनके बदौलत पांच साल तक सहन करना पड़ता है। खून के आंसू रोना पड़ता है। मतदाताओं को कम से कम इतने सस्ते में तो नहीं बिकना चाहिए। बिको तो ऐसे बिको कि दुनिया में तुम्हारी कोई कीमत नहीं लगा सके। हमने पुरानी सारी सरकारों को नजदीक से देखा है। देश में न कोई शांति थी और न ही कौमी एकता के दर्शन होते थे। सरहदें जल रही थी। आतंकवाद चरम पर था। देश में अराजकता का माहौल था। कश्मीर जल रहा था। सेना सरकार के इशारों पर काम करती थी। हर दूसरे दिन कर्फ्यू लगाया जाता था। देश में आए दिन हिन्दू-मुसलमान होता था। देश में हर रोज कहीं न कहीं बम ब्लास्ट होते थे। आर्थिक विषमताओं से जनता परेशान थी। देश में अराजकता व्याप्त थी। कश्मीर की समस्या के हल के लिए सयुंक्त राष्ट्र हमेशा भारत पर दबाव बनाते थे। पाकिस्तान भारत पर हावी था। अब भारत की चमक दुनिया में पसर गई है। आज भारत के एक इशारे पर दुनिया हरकत में आ जाती है। इन सभी सुधारवादी अभिगम के बाद देश में मजबूत सरकार की जरूरत है। ईमानदार और नैतिक जिम्मेदारी व्यक्तित्व की आवश्यकता है। मुफ्त की रेवड़ी के लालच में कमजोर सरकार और कमजोर प्रत्याशियों को अपना कीमती मत नहीं देना है। अभी चुनाव की रणभेरी बजी है। कुछ ही समय में लालच और मुफ्त रेवड़ी की भरमार होगी। लेकिन देशहित में काम करने वाले उम्मीदवारों को वोट देकर आगे लाना है। देश बचेगा तो हम सब की सलामती है। हम दुनिया के उपद्रवियों को देख ही रहे हैं। पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर महत्वपूर्ण व्यक्ति को आगे लाना है। पांच विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करना है। रेवड़ियों के सहारे कीमती मत बर्बाद नहीं करना है जो आपको एक रुपए की सहूलियत देंगे,वे दूसरे हाथ से हजारों रुपए आपके और हमारे जेब से निकाल देंगे। ईमानदार और मजबूत सरकार को वोट देकर सता के गलियारों तक पहुंचाना है जिससे हमारे और हमारे बच्चों के भविष्य को संवारा जा सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

दिमनी की सभा बोले मुख्यमंत्री- ऐसी जीत दिलाएं कि दुनिया देखती रह जाए

# हर कार्यकर्ता नरेन्द्र सिंह बनकर मैदान में उतर जाए




**मुरैना, देशबन्धु।** आज नवरात्र के पहले दिन हम चुनाव प्रचार का श्री गणेश कर रहे हैं। आप सब लोग 17 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी को ऐसा समर्थन दें कि 3 दिसंबर को मतगणना के दिन पूरे क्षेत्र में कमल ही कमल खिले। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री, भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व दिमनी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को दिमनी में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं जनसभा को संबोधित करते हुए कही। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं और जनता से भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**तोमर जी को जिताएं, वो इस क्षेत्र में विकास का इतिहास बना देंगे**- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं इसे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र का सौभाग्य मानता हूं कि नरेंद्र सिंह तोमर जैसे बड़े नेता आज इस क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर जी के पास बड़ी जिम्मेदारी है, पूरा प्रदेश देखना है, वे हमारे चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक भी हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश में दौरे करने हैं। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि आप सब नरेंद्र सिंह तोमर बनकर चुनाव प्रचार में उतर जाएं और ऐसी जीत दिलाएं कि दुनिया देखती रह जाए। श्री तोमर आपका स्वाभिमान और सम्मान हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि श्री तोमर जी को आप यहां से विजयश्री दिलाएं, वे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में विकास का नया इतिहास बना देंगे।

### कांग्रेस कर रही लाड़ली बहना योजना को लेकर शिकायत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना को लेकर कांग्रेस चुनाव आयोग से हमारी शिकायत कर रही है कि, यह आचार संहिता का उल्लंघन है, मामा चुपके से बहनों के खातो में पैसा डालेगा। लेकिन मैं चुपके से नहीं डंके की चोट पर लाड़ली बहनों के खातो में पैसा डालूंगा। एक करोड़ 32 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1250 रूपए प्रतिमाह देने के साथ कन्याओं की शादी के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभी स्कूटी देना भी मामा ने शुरू किया है। एक लाख सरकारी पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने सभा में उपस्थित जनता से कहा कि आप सब मुझे वचन दो कि प्रदेश में सबसे अधिक वोटों से नरेंद्र सिंह

## श्योपुर-मुरैना क्षेत्र में विकास के सभी विकास कार्य भाजपा सरकार में हुए हैं : तोमर

केंद्रीय कृषि मंत्री व भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और दिमनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2003 से पहले श्योपुर और मुरैना क्षेत्र में बिजली कभी-कभार आती थी, सड़कें नहीं थीं। इस क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य हुए हैं, सब भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मैं यहां चुनाव प्रचार करने आता था, इस बार अलग भूमिका में आप लोगों के मध्य उपस्थित हुआ हूं। भाजपा सरकार ने श्योपुर-मुरैना क्षेत्र में सड़क, बिजली के साथ मेडिकल कॉलेज, हॉर्टिकल्चर कॉलेज के साथ क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया है। सौभाग्य योजना के अंतर्गत हर गरीब के घर में बिजली पहुंचाने का मामला हो या लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को 1250 रूपए प्रतिमाह देने का कार्य हो, भाजपा सरकार ने ही किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पीएम किसान सम्मान निधि में 6 हजार रूपए प्रति किसान और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हर किसान को 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष देने का कार्य कर रहे हैं। श्री तोमर ने कहा कि पिछले दो चुनाव में आप लोगों ने मुझे प्रत्याशी के रूप में स्वीकार कर सांसद बनाया और इस क्षेत्र के विकास का मौका दिया। इस बार पार्टी ने मुझे फिर दिमनी विधानसभा की जनता की सेवा के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस बार आप मुझे अपना प्रतिनिधि बनाओगे तो मैं आपकी आन, बान और शान को बढ़ाने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश का ऐसा विकास किया है कि दूसरे राज्य की सरकारों ने भी मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं की नकल करके अपने राज्यों की जनता का कल्याण कर रही हैं।

### केंद्रीय मंत्री तोमर ने बौद्ध धर्मगुरूओं से लिया आशीर्वाद

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को दिमनी विधानसभा कार्यालय का शुभारंभ किया, जिसके पश्चात् बौद्ध बिहार पहुंचे और बौद्ध धर्मगुरुओं से आशीर्वाद लिया। श्री तोमर ने बौद्ध बिहार का अवलोकन किया और आसपास में रहने वाले लोगों से मुलाकात की है। इससे पहले श्री तोमर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अम्बाह के विधायक कमलेश जाटव भी मौजूद थे।

## थाने के नजदीक पार्क में युवक की हत्या



**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर थाने से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर एक पार्क में रविवार सुबह एक युवक की गला कटी लाश मिली है। उसकी पीठ और कमर पर भी चोटों के निशान हैं। युवक की शिनाख्त कर ली गई है। वह शनिवार को काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा था।

एसीपी अक्षय चौधरी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त महेंद्र अहिरवार पुत्र मांगीलाल अहिरवार उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई है। वह मकान नंबर 128 शारदा नगर शिव मंदिर के पीछे रहता था। और औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी करता था। महेंद्र शनिवार की सुबह घर से काम पर जाने का कह कर निकला था। रात नौ बजे उसे अयोध्या इलाके में ही देखा गया था। एक परिचित को उसने बताया था कि झांकी देखने के लिए घूम रहा है। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। रविवार सुबह अयोध्या नगर थाने के नजदीक स्थित सरयू सरोवर पार्क में सैर के लिए पहुंचे लोगों ने उसकी शव देखने के बाद चौकीदार को सूचना दी। चौकीदार ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। उसके गले पर चाकू से रेते जाने के निशान हैं। पीठ पर भी चाकू से वार के निशान थे। पुलिस ने दोपहर में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही मृतक के करीबियों से पूछताछ की जा रही है।

### 2 चौकीदार करते हैं पार्क की देख रेख

एसीपी ने बताया कि पार्क की देख रेख की जिम्मेदारी दो चौकीदारों के हवाले है। दोनों अलग-अलग पालियों में नौकरी करते हैं। रात 12 बजे एक चौकीदार पार्क में ताला लगाकर चला जाता है।

देर रात तक यहां ड्यूटी करने वाले चौकीदार ने पुलिस को बताया कि पार्क बंद करने से पूर्व उसने अच्छे से देखा था। तब तक पार्क में कोई नहीं था। इसके बाद क्या हुआ इसकी जानकारी उसे नहीं है। चौकीदार ने पुलिस को बताया कि कई सूखा नशा करने के आदि युवक पार्क के पिछले हिस्से की चारदीवारी को फांदकर अंदर घुस आते हैं।

### 5 महीने से पत्नी मायके में है

मृतक के बड़े भाई दिनेश अहिरवार ने बताया कि महेंद्र की शादी 5 अप्रैल 2016 में हुई थी। उसकी पत्नी रुक्मिणी गृहणी है। दिनेश विवाद के बाद वह बीते पांच महीने से चार साल के बेटे सिद्धांत के साथ रातीबढ़ के सिकंदराबाद स्थित मायके में रह रही है। दिनेश सीधा और संजीदा था। उसकी ज्यादा दोस्ती यारी भी नहीं थी। उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। महेंद्र शनिवार की सुबह काम पर जाने का कह कर घर से निकला। रात करीब साढ़े आठ बजे वह अयोध्या नगर में ही भांजे को दिखा। उसने बातचीत की तो बताया कि झांकियां देखने घूम रहा है। इसके बाद घर नहीं लौटा। हमें लगा कि झांकियां देखने के लिए शायद घूम रहा होगा। देर सवेर ही सही लौट आएगा। सुबह पुलिस ने सूचना दी कि महेंद्र की मौत हो गई है। हमें किसी पर शक नहीं है। पुलिस ही पता कर रही है, उसकी हत्या किसने और क्यों कर दी।

## दिग्विजय का फर्जी इस्तीफा वायरल, कांग्रेस ने सायबर सेल में की शिकायत



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का फर्जी इस्तीफा वायरल होने के बाद कांग्रेस की ओर से इसकी शिकायत सायबर सेल में की गई है। इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख केके मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल साइबर सेल थाना कोहेफिजा पहुंचा है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने हितेश वाजपेई के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश बाजपेयी ने अपने ट्यूटर हेण्डल से दिग्विजय सिंह का षड्यंत्रपूर्वक लेटरहेड बनाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से त्याग पत्र देने के संबंध में कूट रचित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

भाजपा प्रवक्ता वाजपेई ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता की पार्टी के प्रति वर्षों से निष्ठा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर एक आपराधिक कृत्य किया है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल का आरोप है कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अपनी पराजय को देखते हुए भाजपा ओछी राजनीति पर उतर आई है, लेकिन भाजपा द्वारा इस की मानसिकता से उनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस ने इस मामले में सूचना व प्रौद्योगिकी अधिनिमय की धारा 66 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की हैं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा, कांग्रेस पदाधिकारी जे.पी. धनोपिया, आनंद तारण, मृणाल पंत, योगेन्द्र सिंह परिहार, फरहाना खान, राहुल राठौर, रवि वर्मा, प्रवीण धौलपुर, प्रकाश चौकसे, निकेश चौहान, सै. मुजफ्फर अली, विवेक सोनी, विजेन्द्र शुक्ला, रमेश पांडे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### जीवन की आखिरी साँस तक कांग्रेस में रहूँगा

साथ ही दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर कांग्रेस में अपनी आस्था दोहराई है। उन्होंने लिखा है कि 'भाजपा झूठ बोलने में माहिर है। मैंने 1971 में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। पद के लिए नहीं बल्कि विचारधारा से प्रभावित हो कर जुड़ा था और जीवन की आखिरी साँस तक कांग्रेस में रहूँगा। इस झूठ की मैं पुलिस में शिकायत दर्ज कर रहा हूँ।

कांग्रेस की पहली सूची आते ही बुलंद हुए विरोध के स्वर

## टिकट न मिलने पर मीडिया उपाध्यक्ष यादव ने दिया इस्तीफा

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची आने के साथ ही पार्टी के भीतर बगावती सुर सुनाई देने लगे हैं। टिकट न मिलने से नाराज नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ इस्तीफा देना शुरू कर दिया है।

टीकमगढ़ की खरगापुर विधानसभा से टिकट के दावेदार और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को भेज दिया है। इसके अलावा ग्वालियर की ग्रामीण, दतिया, डबरा और पवई सहित कुछ और सीटों पर दावेदार और उनके समर्थक खुलकर सामने आ आए हैं।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा से साहब सिंह गुर्जर के नाम की घोषणा से कांग्रेस ग्रामीण के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कल्याण सिंह और उनके भाई केदार सिंह नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। नागोद में कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह सिप्पू और उचेहरा किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष आनंद बहादुर सिंह ने अपने पद से दिया इस्तीफा। यादवेंद्र सिंह को प्रत्याशी न बनाए जाने नाराज होकर उन्होंने यह कदम उठाया। कांग्रेस ने यहां से रश्मि पटेल को प्रत्याशी बनाया है। इधर बिजावर से चरण सिंह यादव को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज सेवादल के राजेश शर्मा ने भी नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही दतिया में अवधेश नायक के खिलाफ भी नारेबाज़ी देखने को मिली। जबकि नरियावली विधानसभा से सुरेन्द्र चौधरी को टिकट देने पर शारदा खटीक ने कांग्रेस छोड़ दी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले-

## कांग्रेस की सूची में परिवारवाद और गुटबाजी हावी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की पहली सूची जारी होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की सूची में परिवारवाद और गुटबाजी साफ देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी ने 28 युवाओं को मौका दिया हैं लेकिन कांग्रेस की सूची में 50 से 65 साल तक उम्र के नेता भी चुनावी मैदान में हैं इससे पता चलता है कि युवाओं को लेकर भाजपा और कांग्रेस में कितना अंतर है। श्री शर्मा कहा कि इस सूची में दिल्ली और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की छाप स्पष्ट नजर आ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पहली सूची आते ही आलम यह है कि पूरे प्रदेश से विरोध के स्वर और इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो गया है।, कांग्रेस नेता एक-दूसरे का खुलकर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में जमीनी कार्यकर्ता को छोड़कर उन्हीं नेताओं को टिकट दिया गया हैं जो केवल बड़े नेताओं के गुट के हैं। उन्होंने कांग्रेस से आपराधिक पृष्टभूमि के लोगों को भी प्रत्याशी बनाए जाने के आरोप लगाए है।

## कांग्रेस ने पिछड़ों को ज्यादा मौका दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पहली सूची जारी करते हुए पिछड़ा वर्ग से करीब 27 फीसदी को प्रत्याशी बनाया है। 144 नामों की इस सूची में 39 प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग के हैं। यह जानकारी आज कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने मीडिया को बताया कि पार्टी की पहली सूची में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया हैं। इनमें कांग्रेस ने 39 ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। इस सूची में 69 मौजूदा विधायकों को टिकट देकर पार्टी ने उन पर फिर भरोसा जताया है। इस दौरान उन्होंने अल्पसंख्यकों सहित अलग-अलग वर्गों के प्रत्याशियों का जिक्र भी किया। श्री सपरा ने बताया कि आयु वर्ग के लिहाज से भी कांग्रेस ने 65 ऐसे प्रत्याशी घोषित किए हैं, जिनकी उम्र 50 वर्ष से भी कम हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को बेहद मजबूत और जमीनी बताया।

### छात्र की हत्या करने वाले 3 नाबालिग गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया में दसवीं के छात्र को चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को रविवार को बाल न्यायालय में पेशी के बाद बाल गृह भेज दिया है। वहीं मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है ।बाग सेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि अमराई के रहने वाले तीन नाबालिगों को सीसीटीवी कैमरों कीतस्वीरों के आधार पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि चाय की दुकान पर पहले उनके दो साथियों को पीटा गया था। इसके बाद शुभम और उसके साथी उन्हीं के मोहल्ले से गुजर रहे थे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर....** 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था।

**26 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त....** नयी दिल्ली से कहा कि वह महिला को गर्भावस्था पूरी होने तक जारी रखने के लिए सभी चिकित्सा सहायता और सहायता प्रदान करे। शीर्ष अदालत ने अविकसित बच्चे को समय से पहले जन्म देने के विकल्प की गुहार भी खारिज कर दी और कहा कि यदि माता-पिता चाहें तो सरकार जन्म के बाद बच्चे की देखभाल कर सकती है।

**प्रधानमंत्री को मणिपुर से ज्यादा....** हुई है। राहुल ने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री की रणनीति को समझना चाहते हैं, तो इसे एक शब्द 'अडानी' में संक्षेपित किया जा सकता है। सब कुछ एक व्यवसायी की मदद के लिए बनाया गया है।

बहुजन समाज पार्टी के खिसकते जनाधार पर चंद्रशेखर की नजर

## बसपा को टक्कर देकर सियासी जमीन पाने में जुटी आजाद समाज पार्टी

### राजस्थान व मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत की

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के खिसक रहे जनाधार को देखते हुए आजाद समाज पार्टी अपने को नए विकल्प के तौर पर पेश करने में जुटी है। इसी कारण पार्टी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में दो राज्यों , राजस्थान और मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत कर दी है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी दल अपने-अपने हिसाब से जातीय समीकरण दुरुस्त करने में जुट गए हैं। सर्वाधिक 80 सीटों वाले यूपी में जातीय राजनीति आज भी काफी असरकारी है। इसे देखते हुए ही सियासी पार्टियों ने जातीय प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों को अपने साथ रखा है। जहां तक बसपा का सवाल है, वो लोकसभा के चुनावी मैदान में अकेले उतरने का एलान कर चुकी है। 2012 में सत्ता से बेदखल होने के बाद चुनावी प्रदर्शन में बसपा का ग्राफ लगातार गिर रहा है। मायावती भी सियासी जमीन पर बहुत ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रही हैं।

### 2022 चुनाव के बाद मायावती ने कोई रैली नहीं की

2022 के चुनाव के बाद उन्होंने कोई भी रैली नहीं की है। इतना ही नहीं बसपा प्रमुख ने प्रदेश के किसी भी जिले का दौरा भी नहीं किया है, जिससे पार्टी के कोर वोटबैंक दलित समुदाय के छिटकने की बातें सामने आई है। यही वजह है कि आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद न केवल कांशीराम की सियासी विरासत के सहारे दलितों के दिल में जगह बनाने, बल्कि बसपा के सिकुड़ने से खाली हो रही सियासी जमीन को अपने पाले में लाने में जुटे हैं। उनकी इस मेहनत के बाद दलित वोट, खासकर जाटव, किसके पक्ष में आते हैं, यह राजस्थान और मध्यप्रदेश के चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो जाएगा। संविधान संरक्षण मंच के मुखिया और दलित विषयों के जानकर गौतम राणे सागर ने बताया कि बसपा की स्वीकार्यता का ग्राफ गिर रहा है। जिनके दम पर बसपा बनी थी, उन्होंने मनसा वाचा कर्मणा का मूल मंत्र दिया था।

परिणाम देखें तो बसपा के कर्मों में किस तरह से जंग लग गई है सभी जान रहे हैं।। घर में बैठकर परिवर्तन हो रहा है। काडर वोट बचा नहीं है। इमोशनल वोटर जो बचा है वो भी संवादहीनता के चलते छिटक रहा है। चंद्रशेखर विकल्प नहीं बन पाएंगे। उनके साथ विचारधारा की बहुत बड़ी कमी है। कैसे संगठन चलता है, कैसे विचार रखे जाते हैं, इसका अभाव दिखता है। भीड़ उनके पास बेरोजगार लड़कों की है, जिन्हें कहीं काम करने का अवसर नहीं मिलता है, वे भीम आर्मी में जुड़कर नीला पटका पहनकर भीड़ बढ़ा देते हैं। वोट में तब्दील होने वाला संदेश नहीं दे पाते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम, मतदान केन्द्र और मतगणना स्थल का लिया जायजा

## अधिकारियों से चर्चा में दिया मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनावी तैयारियों को परखने के लिए रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय (एमएलबी) पहुंचकर स्ट्रांग रूम, मतगणना केंद्र का अवलोकन किया। अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान श्री राजन ने मतदान दलों की रवानगी और मतदान समाप्ति के बाद मतदान दलों द्वारा सामग्री जमा करने संबंधी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यहां अधिक से अधिक मतदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर नए मतदाता और दिव्यांग मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग के बारे में बताए। उन्होंने इस अभियान को निरंतर चलाएं की बात भी कही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन सुविधाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यता जताई। इस दौरान डीआईजी चंबल सुश्री कृष्णावेणी देशावतु, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मतगणना स्थल का मुआयना कर दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने रविवार को दतिया पहुंचकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही श्री राजन ने चुनावी कार्य में लगे कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार माकिन तथा पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दतिया में सेवढ़ा, भांडेर और दतिया विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किाय। उन्होंने मतगणना स्थल और सीलिंग कक्षों का निरीक्षण किया। मतगणना केन्द्र पर की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के साथ मतदान केन्द्रों पर मतगणना अभिकर्ता, मतगणनाकर्मियों आदि के प्रवेश एवं मतगणना कक्षों में बैठक व्यवस्था भी देखी।

### विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी बैठक आयोजित

# निर्वाचन के दौरान सभी शासकीय सेवको का आचरण रहे निष्पक्षः कलेक्टर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी तथा टीएल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि सी-विजिल की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाये ताकि मतदाताओं की शिकायतों को 100 मिनिट में तत्काल निराकृत किया जा सके। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय से संबंधित समस्त लंबित प्रकरणों को निरंतर संज्ञान में लिया जाये और समय-सीमा में जबाव प्रस्तुत किये जायें। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित कि निर्वाचन के दौरान सभी शासकीय सेवकों का आचरण निष्पक्ष हो और वह दिखे भी, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने डॉक्टरों द्वारा शासकीय कर्मचारियों को आवश्यकता पड़ने पर बनाये जा रहे मेडिकल के संबंध में निर्देश दिये कि यदि कोई भी मेडिकल गलत पाया जाता है तो उसकी जांच की जायेगी तथा जांच में दोषी पाये जाने पर संबधित पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने मेडिकल किट बनाने के निर्देश दिये जिसमें आयुर्वेदिक दवाओं को भी सम्मिलित किया जाये। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि जिन मतदान केन्द्रों के आसपास स्थित ट्रांसफॉर्मर पर विषेष ध्यान दें।



मतदान केन्द्र के पास स्थित कुआं या खुली नाली ढकवा दें। उन्होंने बनरेवल, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के साथ बॉर्डर के मतदान केन्द्रों में वीडियोग्राफी भी कराने तथा सभी मतदान केन्द्रों पर जो नेटवर्क अच्छा आता है उसकी जानकारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि नए बनाए गए मतदान केन्द्रों से संबंधित मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान केन्द्र की जानकारी दें। मतदान केन्द्रों पर विद्युत, पानी, रैंप, शौचालय की व्यवस्था किये जाने तथा सामग्री वितरण एवं मतदान केन्द्रों तक पहुंचने हेतु रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि प्रेक्षक के आगमन से पूर्व संपूर्ण व्यवस्थायें पूर्ण करें। सभी सीईओ, सीएमओ अर्लट मोड पर रहें एवं सारी व्यवस्थायें मिशन मोड में करें। पुलिस के तंत्र के साथ हमारे जिले के सारे कर्मचारी तथा अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे सारी सूचनायें आपस में साझा करें तथा निर्धारित समय पर भेजें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, एसडीएम बल्देवगढ़ विजय कुमार सेन, ईई पीएचई जितेन्द्र मिश्रा, ईई आरईएस श्रीमती नम्रता पंद्रे, सीएमएचओ डॉ. एसआर रोशन, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डीके विश्वकर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, सहायक संचालक मत्स्य विभाग आरके मिश्रा, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, जिला सूचना एव विज्ञान अधिकारी अविनाश पाठक, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं त्यौहार, शांति समिति की अपील



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काषवानी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी त्यौहारों को पूर्व परंपरा के अनुसार मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है, जिसके संबंध में लगातार निर्देश प्रदाय किए जा रहे है। इन निर्देशों का भी उल्लंघन नही हो, यह जवाबदारी प्रशासन के साथ-साथ समाज की भी है। त्योंहारों के दौरान धार्मिक मंचों का उपयोग राजनीति के लिए नही किया जाए। धार्मिक एवं समाजिक समरसता पूर्व की भांति बनाये रखी जाए, अन्यथा संबंधितो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी गणमान्य नागरिकों से प्रजातंत्र के उत्सव में सम्मिलित करने का आग्राह किया एवं वोटर्स प्रतिषत बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि मूर्ति विसर्जन एवं शोभा यात्रा, रावण दहन के सम्बंध में वेरिगेट, पुलिस, अग्निशमन की व्यवस्था के साथ ही विधुत व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाये। आयोजन के दौरान एम्बुलेंस, दवा, डॉक्टर की टीम भी में रखी जाये। सभी आयोजन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के नियमानुसार संपादित किया जाये। शोभायात्रा के दौरान पशुओं को रास्ते से हटाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाये। आचार संहिता के दौरान सभी जुलूस एवं आयोजन की अनमति पूर्व में ही ले तथा आचार संहिता का पालन करें। आयोजन में पार्टी या व्यक्ति विशेष का प्रचार न हो। आदर्ष आचार संहिता लागू होने के कारण कोई भी नया कार्यक्रम आयोजन नहीं किया जाये। उन्होंने बताया कि प्रषासन द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम किया गया है, जिससे सभी आयोजन की अनुमति सरलता से ली जा सके। शोभायात्रा के दौरान विद्युत तार क्षति न हो तार ऊपर उठाने की व्यवस्था रहेगी इसके साथ ही विधुत विभाग फायर ऑडिट कराए और यह सुनिष्चित करे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। सड़कों के गड्डो मे सुधार करें। रावण दहन के प्रत्येक आयोजन स्थल पर सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक श्री काषवानी ने कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले संदेश नहीं भेजे जाए, इसकी मानीटरिंग लगातार की जा रही है, जो भी व्यक्ति दोषी होगा उसके विरूध्द सख्त कार्यवाही की जाएगी। जन सामान्य की सुरक्षा व सामुदायिक एवं धार्मिक सद्भावना तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, हाईक, ट्वीटर, एसएमएस, इन्स्ट्राग्राम इत्यादि का दुरुपयोग कर धार्मिक सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्ति जनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, आडियो, वीडियो इत्यादि भी सम्मिलित है जिसमें धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनायें भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता हो, को नही प्रसारित करेगा या भेजेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे सहित संबंधित अधिकारी, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरूओं के साथ ही शांति समिति के सदस्य बैठक उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में 2 पक्षों के 5 लोगों को भेजा जेल



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेवा खेरा में जमीनी विवाद को लेकर परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों के द्वारा पुलिस थाने में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर 151 की कार्रवाई करते हुए तहसील न्यायालय में पेश किया। जहां पर तहसीलदार द्वारा पांचों आरोपियों के खिलाफ जेल वारंट जारी किया गया। पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेवा खेरा बिजरावन में सोमवार 16 अक्टूबर को जमीनी विवाद पर परिवार के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर 151 की कार्रवाई की गई, जिसमें सूरज सिंह घोष, भारेन्द्र सिंह घोष, वीर सिंह घोष, अमर सिंह घोष व जितेन्द्र घोष निवासी सेवाखेरा को गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय में पेश किया गया। जहां तहसीलदार मनीराम कोंदर ने सभी आरोपियों पर जेल वारंट जारी कर कार्यवाही की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को जतारा जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में एएसआई मुन्नालाल, प्रधान आरक्षक अमर प्रताप सिंह, केशव यादव, आरक्षक सलमान खान, शिवा चहर, एनआरएस सुम्मेर सिंह व देशराज की मुख्य भूमिका रही।

## दुकान से सामान लेने गई युवती लापता



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतनगुवां से 11 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे दुकान पर सामान लेने गई युवती लापता हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवती की तलाश शुरू कर दी। फरियादी रूपा पत्नी शोभाराम केवट उम्र 40 साल निवासी रतनगुवां ने अपने ससुर हल्के केवट के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार फरियादी महिला अपनी 19 वर्षीय पुत्री कुमारी मीरा केवट को अपने सास ससुर के पास छोड़कर मजदूरी करने के लिए पति के साथ दिल्ली चली गई थी। 12 अक्टूबर को फरियादी महिला के ससुर ने फोन लगाकर बताया कि 11 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे युवती घर से दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी जो वापस लौटकर घर नहीं आई। फरियादी महिला अपने पति के साथ दिल्ली से घर वापस आई और इन सभी लोगों ने लापता युवती को आसपास के गांवों व रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन युवती की कोई जानकारी नहीं मिली। युवती के लापता होने पर फरियादी महिला ने पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता युवती की तलाश शुरू कर दी है।-

## महुआ की अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पुलिस ने रविवार की रात को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम धामना से अवैध देशी कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण व गश्त के दौरान रविवार की रात में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम धामना में एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध कच्ची शराब को जप्त किया है। पुलिस टीम ने ग्राम धामना के बस स्टैंड के पास रोड पर एक व्यक्ति प्लास्टिक की कुप्पी में शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ था। पुलिस को देखते ही व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी भुवानी दास अहिरवार उम्र 32 साल निवासी धामना को पकड़ कर उसके कब्जे से 5 लीटर देशी कच्ची महुआ से बनी हुई अवैध शराब को जप्त किया। इस कार्यवाही में एसआई नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक सादिक खान की मुख्य भूमिका रही।

# आबकारी विभाग ने ट्रक को जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश में राज्य विधानसभा के सामान्य निर्वाचन की घोषणा किये जाने के फलस्वरूप जिले में आबकारी विभाग द्वारा निरंतर अवैध शराब विक्रय पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दरम्यानी रात्रि को ट्रक क्रमांक आरजे 35 जीए 0759 बम्होरीकलां थाना क्षेत्र के गांव गुवाखजरी पुलिया के पास संदिग्ध हालत में बम्होरीकलां थाना पुलिस को मिला। ट्रक में जैगपिन ब्रेवरीज नौगांव से 1500 कॉर्टन प्लेन मदिरा जिला अशोकनगर ले जाई जा रही थी। मदिरा परीक्षण में से दो पेटियां ट्रक ड्राइवर द्वारा रास्ते में किसी को बेच दी गई। गाड़ी के साथ परमिट, विल्टी इत्यादि पाई गई। थाना प्रभारी बम्होरीकलां द्वारा उक्त ट्रक को विवेचना एवं आगामी कार्यवाही हेतु वृत्त जतारा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार श्रीवास्तव के सुपुर्द किया गया। मदिरा एवं ट्रक की कीमत लगभग रूपये 4994000 है। ट्रक को आबकारी विभाग वृत्त जतारा द्वारा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया। उक्त मदिरा के निराकरण हेतु प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।



## 12 वर्ष से फरार 5 हजार का इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए अवैध जुआ, सट्टा, शराब, फरारी, इनामी, स्थाई वारंटीयों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलेरा नरेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में धारा 411, 384, 395, 397 भादवि में 12 वर्ष पूर्व का 5 हजार रुपए का इनामी स्थाई वारंटी बाबा उर्फ मुकेश पिता श्रीपत कुशवाह निवासी चिमनगंज उज्जैन को चिमनगंज मंडी जिला उज्जैन क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

## एमसीए की डिग्री मिलने पर संस्कार को दी बधाई



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के नगर परिषद बड़ागांव धसान में पदस्थ सीएमओ राजेश अवस्थी के पुत्र दमोह जिले के रहने वाले संस्कार अवस्थी ने इन्दौर के श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय से एमसीए की डिग्री प्राप्त कर गुरूजनों व परिजनों का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्कार ने सभागार में उपस्थित समस्त लोगों को संबोधित किया। श्री वैष्णव विश्वविद्यालय इंदौर से एमसीए डिग्री पाकर छात्र का खिले चेहरा, सम्मान पत्र मिलने पर दमोह जिले के रहने वाले छात्र संस्कार अवस्थी का सम्मान करके मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस अवसर पर बड़ागांव नगर परिषद में पदस्थ कर्मचारियों ने श्री अवस्थी के बेटे संस्कार को एमसीए में चयनित होने और डिग्री प्राप्त होने पर बड़ागांव नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती भारत प्रजापति, रामलाल प्रजापति, राजाराम नाकीव, राहुल श्रीवास्तव, नरेश खरे, प्रदीप जैन, अशोक शुक्ला, राकेश खरे, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश असाटी, चरण सिंह बुंदेला सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

# पुलिस ने लोगों को दिए लाल, पीले और हरे कार्ड




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए एवं आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना-चौकिया अंतर्गत पुलिस द्वारा लाल, पीले एवं हरे कार्ड लोगों को वितरित किए गए। गुंडा, बदमाश एवं अपराधिक प्रबृत्ती वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा चेक कर लाल कार्ड वितरित किए गए जिसमें उन्हें बताया गया कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में अगर वह संलग्न पाए जाते हैं, तब उन पर कठोर विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी। पीले कार्ड ऐसे व्यक्तियों को वितरित किए गए जिनके बारे में ऐसी सूचनाओं प्राप्त हो रही थी कि उन व्यक्तियों द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्हें बताया गया कि अगर आगे ऐसी सूचनाओं प्राप्त होती हैं तो उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जावेगी। हरे कार्ड क्षेत्र के व्यक्तियों को वितरित करके उन्हें विश्वास दिलाया गया कि लोगों के बहकावे में ना आकर विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करें तथा क्षेत्र में चुनाव के दौरान विघ्न उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# सशस्त्र जवानों ने पेट्रोलिंग कर आमजन से किया संवाद





*टीकमगढ़, देशबन्धु। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को निर्विघ्न एवं शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम सासत्या के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में सोमवार 16 अक्टूबर को जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के सीमावर्ती, संवेदनशील, आपराधिक एवं वलनेरेबिल क्षेत्रों में सीएपीएफके सशस्त्र जवानों के साथ मोहनगढ़ पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की गई। जिसमें आमजन से संवाद स्थापित किया गया तथा आमजन को निर्विघ्न मतदान करने हेतु विश्वास दिलाया गया।*

### बिजली की भारी कटौती के चलते किसान परेशान

# सिंचाई के आभाव में सूखी धान, रबी फसल की बोवनी की समस्या बढ़ी

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत धरमपुर खोरा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है, पहले जहां अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है वहीं अब गेहूं की बुवाई में भी किसानों को समस्या से जूझना पड़ रहा है, बताया जा रहा है कि 24 घंटे में कुछ देर के लिए ही बिजली आती है, उस दौरान वोल्टेज इतना काम रहता है कि मोटर नहीं चलती जिससे किसान ना ही पहले धान की सिंचाई कर पा रहे और ना ही अब गेहूं की फसल की बुवाई के लिए पलेवा लगा पा रहे हैं, बताया जा रहा है कि वर्तमान में गेहूं, चना, मसूर, बटरी इत्यादि की बुवाई का काम चल रहा है, ऐसे में गेहूं बुवाई से पहले खेतों को नमी देने के लिए सिंचाई करना पलेवा लगाना आवश्यक है ताकि गेहूं के बीज आसानी से अंकुरित हो सके, लेकिन चना, मसूर और बटरी के लिए पलावा लगाना आवश्यक नहीं है पर अधिकांश किसान गेहूं की फसल अधिक उगाते हैं जिन्हें खेतों को नमी देने के लिए बुवाई से पहले पलेवा लगाना आवश्यक है, लेकिन अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण वह पलेवा नहीं लग पा रहे हैं बिजली के इंतजार में वह फसल की बुवाई में भी लेट हो रहे हैं, सिद्धपुर, मखनपुर, बहिरवारा, दुर्गापुर, गुलाबीपुर, बालूपुर, लामी, परनियापुर, नयागांव, पंचमपुर, नईदुनिया, मडरका, मझगवां, रमजूपुर, पैकनपुर, कुडरा, अमिलिहा, देबिहा, धरमपुर, कीरतपुर, निजामपुर, सरवंशी, कल्याणपुर, खोरा, सुहवा सहित सैकड़ों ग्रामों के किसान परेशान हैं, किसानों ने बताया कि अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, अल्पवर्षा एवं पाला जैसी प्राकृतिक आपदाओं से पहले ही उन्हें काफी नुकसान हो चुका है, हाल ही में बिजली की बेतहासा कटौती और लो वोल्टेज के कारण धान की फसल भी चौपट हुई है और अब गेहूं की बुवाई के लिए भी बिजली नहीं मिल रही बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करने पर वह सीधे मुंह बात नहीं करते और बदसलूकी पूर्वक व्यवहार करते हैं जिससे किसान दोहरी समस्याओं से गुजर रहे हैं, धरमपुर के सेवानिवृत शिक्षक शिव गोपाल सिंह बैस ने बताया कि उनकी धान की फसल पहले ही चौपट हो चुकी है अब गेहूं की बुवाई के लिए वह बिजली का इंतजार कर रहे हैं लेकिन बिजली की उम्मीद टूटने लगी है क्योंकि विद्युत विभाग के अधिकारी भी सही जवाब देने को तैयार नहीं है, इसी प्रकार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं की वजह से पहले ही कर्ज सहित अनगिनत समस्याओं में दबे किसान अब बिजली की समस्या से परेशान है धान की फसल सिंचाई के अभाव में प्रभावित हुई है अब गेहूं के लिए बिजली का इंतजार करना पड़ रहा है लेकिन बिजली किसानों के लिए दुर्लभ हो चुकी है कुछ समय तक बिजली रहती है लेकिन वोल्टेज नहीं रहता जिससे किसानों की उम्मीद टूटने लगी है, फसलों को नुकसान होने की वजह से कर्ज में डूब चुके किसान खून के आंसू रोने को मजबूर है और कर्ज चुकाने के लिए वह अपने खेत बेचने को मजबूर हैं, यदि समय पर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसान गेहूं की बुवाई नहीं कर पाएंगे ऐसे में आगामी दिनों में अन्नदाता को दाने-दाने को मोहताज होना पड़ेगा।

# किसानों को जगाने शहीद रथ पहुंचा दमोह




**दमोह देशबन्धु।** किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने में सबसे बडा रोडा उचित औसत गुणवत्ता या एफएक्यू की गलत नीति है जिसमें बदलाव की जरूरत है। किसान जब बाजार में फसल बेचने आता है तो सरकार उसे नानएफएक्यू बताकर रिजेक्ट कर देती है लेकिन जब किसान का वही माल कोई व्यापारी या अडाणी अंवानी जैसा उद्योगपति खरीद लेता है तो उसे एफएक्यू में मान लिया जाता है। किसान प्रमाणित बीज, खाद और दवाइयां डालकर फसल उगाता है फिर फसल में एफएक्यू की शर्त क्यों? या तो सरकार नान एफएक्यू का मुआवजा दे या फसल खरीदे। यह कहना है संयुक्त किसान मोर्चा अराजनैतिक के मंच तले किसान मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश द्वारा विगत दिवस आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मंचासीन आयोजकों का जिसे राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रवि दत्त सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शोभाराम भलावी, ओमप्रकाश राजौरिया प्रदेश उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह प्रदेश संगठन मंत्री, मोरार सिंह संयोजक उत्तराखंड, मनमोहन सिंह रघुवंशी प्रांतीय अध्यक्ष मध्य भारत, गोपाल पाटीदार संगठन मंत्री मध्य भारत प्रांत ने संबोधित किया और अवसर था राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की रथयात्रा के दमोह जिले में पहुंचने का। यह यात्रा 3 सितंबर को भोपाल से शुरू हुई थी जिसका समापन 11 अक्टूबर को सीहोर में समाप्त होगी। यह यात्रा कुल 4 हजार 825 किमी का सफर तय करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार कक्का के नेतृत्व में निकाली जा रही, इस यात्रा में किसानों की वास्तविक समस्या को बताया जा रहा है, इन समस्याओं के लिए कांग्रेस व भाजपा दोनों ही सरकारों को दोष दिया जा रहा है।उनका कहना है कि दिल्ली में 700 से अधिक किसानों के शहीद होने के वाद लखीमपुर खीरी में आरोपियों द्वारा जीप से कुचलकर 5 किसानों को मार डालने की घटना के वाद तीन अक्टूबर को दूसरी वरसी के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा अराजनैतिक द्वारा शहीद रथ से विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा आयोजित की गयी। किसान संगठनों ने 166 मांगे 17 डिपार्टमेंटों की ली हैं उनमें से यदि दो मांग यदि सरकार मान लेती है तो किसानों की बहुत समस्याओं का स्वत: निराकरण हो जायेगा वह हैं ऋण मुक्ति और फसल का पूरा दाम। सरकार ने 2009 में स्वामीनाथन आयोग का गठन किया था जिसने समर्थन मूल्य औसत उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक करने की शिफारिश की थी जिसकी मांग किसान कर रहे हैं जवकि हर सरकार केवल खोखले वादे करती है। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान कर्जदार वन गया है, आत्महत्या कर रहा है। इसीलिए किसानों को कर्ज माफी नहीं ऋण मुक्ति चाहिए है।

# भाजपा, बसपा और कांग्रेस प्रत्याशी घोषित, कौन पड़ेगा किस पर भारी ?



दमोह/पथरिया देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया में भाजपा से लखन पटेल, बसपा रामबाई सिंह, कांग्रेस बृजेन्द्र राव उम्मीदवार घोषित होने के बाद अब क्षेत्र में क्या माहौल है चर्चाएं शुरू होगी चुनाव अधिसूचना जारी हो गई अब उम्मीदवार मैदान में जनता के बीच जाकर मतदान रूपी आशीर्वाद प्राप्त करेंगे हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में भी यही उम्मीदवार मैदान में थे अंतर 2023 में सिर्फयह है कि 2018 में निर्दलीय उम्मीदवार बृजेन्द्र राव अब कांग्रेस प्रत्याशी बन गये। वाकि बसपा,भाजपा के दोनों के वही प्रत्याशी मैदान में हैं वर्तमान विधायक रामबाई सिंह बसपा व भाजपा लखन पटेल है। जनता द्वारा विगत दिनों से क्षेत्रीय प्रत्याशियों की मांग की जा रही थी वह भी अब पूरी हो गई। अब चुनावी वादे का दौर शुरू हो गया सबका अपना अपना विजन रहेगा अब जनता किस पर अपना विश्वास भरोसा करती है यह तो बाद में पता चलेगा पर प्रमुख पार्टियां के उम्मीदवार घोषित होने से चुनावी संग्राम शुरू हो गया अब इसके बाद कोई किसी से नाराजगी जताकर निर्दलीय उम्मीदवारी तो नही कर रहा यह देखना होगा।

# ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु ईव्हीएम एवं निर्वाचन के प्रथम रेण्डमाईजेशन के संबंध में आयोग के द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से दमोह जिले की विधानसभा 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा (अ.जा.) में उपयोग की जाने वाली ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम मौजूद थीं। आयोग के द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से ई.व्ही.एम. मैनेजमेंट सिस्टम ई.एम.एस. 2.0 से रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के पदाधिकारी-प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के रैपुरा थाना अन्तर्गत कजगंवा गांव मे आकाशीय बिजली गिरने से एक 45 वर्षीय किसान की खेत मे काम करते हुए मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कजगंवा ग्राम निवासी वीरन लोधी पिता निरंजन लोधी 16 अक्टूबर को शाम 6 बजे अपने खेत में काम कर रहा था, उसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ तथा आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में वह आ गया तथा उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन घटना स्थल पहुंचे तथा किसान को स्वास्थ केन्द्र रैपुरा ले गये, लेकिन डॉक्टर ने परिक्षण करते ही मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना से परिवार के लोग सदमे में है। अभी समाचार लिखे जाने तक पीएम भी नही हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले में विवेचना की जा रही है।

# क्लीन स्वीप अभियान के तहत ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया जागरूक




**दमोह देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में क्लीन स्वीप अभियान के तहत मतदान के प्रति लोगो को अधिक से अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशासन की टीम हटा ब्लॉक के ग्राम खड़पुरा पँहुची। टीम ने यहां प्राथमिक स्कूल में शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए सन्देश दिया, साथ ही कई गतिविधियों के माध्यम से लोगो को आवश्यक जानकारियां देकर मतदान की अपील की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना टीम दमोह द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न जानकारियां देकर लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, नायब तहसीलदार शिवराम चढार एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ शिक्षक ललित मिश्रा, आशीष छिरोलया उपस्थित रहे।

## स्नातक महाविद्यालय हटा में नव मतदाता सम्मेलन हुआ

**दमोह देशबन्धु।** स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राघवेन्द्र सिंह हजारी शासकीय स्नातक महाविद्यालय हटा में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें नव मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया एवं उन्हें शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एनएसएस जिला समन्वयक अधिकारी डॉ. जितेंद्र चौधरी, सिद्धार्थ जाऊरकर, सौरभ खरे, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जीवन लाल कुर्मी, कैंपस एंबेसडर गर्वेश राजपूत की उपस्थिति रही।

# मोटरसाइकिल से भिड़ंत, सवारियों से भरा ऑटो पलटा, आधा दर्जन घायल



पन्ना, देशबन्धु। जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत बनहरी अजयगढ़ रोड पर मोटर साईकिल तथा आटो के बीच भिंडत हो गई। जिसमें आटो पलट गया, आटो में सवार एक दर्जन यात्रियो में आधा दर्जन यात्री घायल हो गये। जिसमे दो लोगो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में जानकारी के अनुसार ऑटो चालक ग्राम बनहरी से सवारियों को ऑटो में बैठाकर अजयगढ़ की ओर ले जा रहा था तभी ग्राम सिन्हाई के पास सामने से आ रही मोटर साईकिल चालक को बचाने के चक्कर में आटो चालक अनियंत्रित हो गया तथा आटो पलट गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलो में माया यादव उम्र 55 वर्ष निवासी बहनरीकला, रामजियावन उम्र 42 वर्ष, भगवानदीन उम्र 45 वर्ष, प्यारी बाई कोंदर आशा कार्यकर्ता उम्र 30 वर्ष, रामबाबू उम्र 12 वर्ष, शिवानी उम्र 6 वर्ष घायल हो गए हैं, हादसे के बाद राहगीरों के द्वारा ऑटो में दबे लोगों को बाहर निकलकर 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई कुछ ही देर में 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस से अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां पर उनका इलाज जारी है।

# ऑनलाइन डिलेवरी कंपनी में चोरों ने की लाखों की चोरी



दमोह देशबन्धु। जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित ऑनलाइन ई कार्ट डिलेवरी कंपनी में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर कर लाखो की चोरी। प्राप्त जानकारी अनुसार टीम लीडर शुभम साहू ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज बताया इंस्टाकार्ट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ऑनलाइन सामग्री की डिलेवरी करती है। रविवार की रात सेंटर बंद कर सभी कर्मी चले गए थे। रात्रि करीब 1 बजे लाकर टूटने पर अलार्म बजा जिस पर टीम लीडर को जानकारी लगी तो वह मोके पर पहुचे। तब तक चोर लाकर तोड़कर नगदी करीब 7 लाख 55 हजार रुपए एवं पार्सल के लिए रखे 7 से 8 मोबाइल लेकर भाग गए एवं चोरों द्वारा गेट पर लगे सीसीटीवी भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीओपी नितेश पटेल, हटा थाना प्रभारी टीआई मनीष मिश्रा पुलिस बल सहित मोके पर पहुचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला चिकित्सालय में मनाया विश्व हाथ धुलाई दिवस





**दमोह देशबन्धु।** विश्व हाथ धुलाई दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय दमोह में सेवा प्रदाताओं को हाथ धुलाई के 7 चरणों के बारे में प्रशिक्षित कर अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल क्वालिटी नोडल डॉ. अमित प्रकाश जैन तथा जिला क्वालिटी मैनेजर द्वारा सेवा प्रदाताओं को हाथ धुलाई के फायदे बतातें हुयें डॉ.अमित प्रकाश जैन नें बताया की संक्रमण से बचाव के लिए बार-बार सही तरीके से हाथ धोना सबसे सरल और कारगर उपाय है। विभिन्न शोधों में यह बात स्पष्ट रूप से सामने आई है कि बार-बार और 7 चरणों में हाथ धोने से संक्रमण की दर नियंत्रित रहती है। मौके पर उपस्थित जिला क्वालिटी मैनेजर ने बताया खाना पकाने या खाना खाने से पहले व शौंच के बाद हाथों की सफाई आवश्यक होती है। ऐसा करने से मुँह द्वारा होंने वाले संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है। जिससे बहुत सी बीमारियों को रोका जा सकता है।

# बंधक बनाकर मारपीट कर भैंस चोरी करने वाले 4 आरोपियों को 7 वर्ष का कठोर कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि फरियादी हरी सिंह यादव 19 दिसम्बर 2018 को रात्रि करीब 02.30 बजे अपनी भैंसे कोढ़ा से निकालकर कुड़िया जंगल तरफ ले गया था। रात्रि करीब 3 बजे 25-30 वर्ष की आयु के तीन लड़के बल्लम, कुल्हाड़ी, डण्डा लिए उसे मिले तथा फरियादी की भैंसे हाकने लगे। तो फरियादी ने पूछा कि भैंसें कहा हांक रहे हो तो उसे मां बहन की गाली देकर बल्लम व कुल्हाड़ी की मुदानी तरफ से मारपीट की तथा हाथ पैर बांध कर वहीं डाल दिया एवं फरियादी की 4 नग भैंसे लगता एवं 3 नग भैसें बासर हांककर ले गए। सुबह ग्राम बड़ागांव की लोका चौधरी की पत्नी ने लकड़ी लेने जंगल जाते समय फरियादी को देखा तो फरियादी के कोंढा में जाकर उसके भतीजे रूप सिंह को बताया। रूप सिंह ने आकर हाथ पैर छोड़े, 100 डॉयल को बुलाया तथा 100 डॉयल वाहन से इलाज के लिए देवेन्द्रनगर अस्पताल ले गए। देवेन्द्रनगर अस्पताल से फरियादी के घायल होने की सूचना प्राप्त होने पर देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचकर फरियादी से पूछताछ कर अज्ञात के विरूद्ध देहाती नालिसी लेख की। फरियादी का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। उक्त देहाती नालिसी के आधार पर पुलिस थाना देवेन्द्रनगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपराध की विवेचना में सायबर सेल के माध्यम से संदेही मोबाईल नंबरों की जांच कर संदेह के आधार पर आरोपियो नत्थू साई उर्फ बाबा साई, हमीद खान एवं रामनरेश यादव उर्फ लोलर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उक्त संदेहियों ने अपराध करना स्वीकार कर भैंसों को लूटकर पिकअप वाहन से ले जाना स्वीकार किया। घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। आहत को अस्थिभंग की चोट आना पाया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 397 एवं 411 भादस का इजाफा किया गया। आरोपियो के मेमोरेण्डम के आधार पर अन्य आरोपी पप्पू कुरैशी एवं सब्बीर उर्फ रफीद सांई एवं सब्बीर का साथी फरार हैं, जिनकी तलाश करने पर कहीं पता नहीं चला। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आरपी सोनकर के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करते हुए चन्द्रपाल प्रजापति अपर लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी रामनरेश उर्फ लोलर यादव को धारा. 394 सहपठित धारा 397 भादसं में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपीगण हमीद खान नत्थू साईं उर्फ बाबा पप्पू कुरैशी सब्बीर उर्फ रफीक साई के फरार होने पर न्यायालय द्वारा उक्त आरोपीगणों को फरार घोषित किया गया।

# मंदिर के पुजारी का डेढ वर्ष से नहीं दिया जा रहा मानदेय

**पन्ना, देशबन्धु।** डेढ वर्ष से मंदिरो के पुजारियों को मानदेय भुगतान नही किया जा रहा है। जिससे बेचारे पुजा करने वाले पुजारी भारी परेशान है तथा तंगहाल की जिंदगी जी रहे है। गोविन्द जी मंदिर में पदस्थ पुजारी पुरषोत्तम चौबे ने बताया कि विगत मई 2022 से तहसील कार्यालय द्वारा मानदेय नही दिया जा रहा है। जिससे हम लोग भारी परेशान है। जबकी अनेको बार तहसील कार्यालय में आवेदन दे चुकें है। पुजारी द्वारा जिला कलेक्टर से मानदेय दिलाये जाने की मांग की है।



# शाहगढ़ में अबार माता के दर्शन मात्र से होती हैं मनोकामना पूरी



**सागर, देशबन्धु।** संभागीय मुख्यालय से 70 किमी दूर शाहगढ़ के पास स्थित अबार माता का मंदिर अपने आप में बेहद अनूठा है। 850 साल पुराने इस मंदिर को लेकर लोगों की आस्था गहरी है। वे मानते हैं कि यहां आने भर से ही सारे क्लेश दूर हो जाते हैं। मंदिर की विशेषता है यहां मौजूद एक चट्टान की। माना जाता है कि हर महाशिवरात्रि के दिन इसकी लंबाई एक तिल के बराबर बढ़ जाती है। बताया जाता है कि आल्हा उदल ने इस मंदिर को बनवाया था। एक रात महोबा से माधौगढ़ जाते वक्त वे जब यहां पहुंचे तो अबेर हो गई जिसका अर्थ बुंदेलखंडी में शाम गहराना होता है। जिसके चलते उन्होंने यहीं पर अपना डेरा डाल दिया और हर रोज की तरह रात में जब अपनी आराध्य देवी का आह्वान किया तो मां ने उन्हें दर्शन दिए। बाद में उन्होंने यहां उनका मंदिर बनवा दिया और ये अबार माता के नाम से प्रसिद्ध हुईं। घने जंगल के बीच होने के कारण लोगों को इसके बारे में ज्यादा पता नहीं चल सका और इसे भूलते गए। फिर चंदेल शासन काल के दौरान एक बार उनके लड़ाका सरदार यहां आए। वे यहां रास्ता भटक गए और उन्होंने इसी जंगल में विश्राम किया। यहां उन्हें किसी शाक्ति का अहसास हुआ तो उन्होंने उसकी तलाश की और उन्हें यहां देवीजी का मंदिर मिला।

### तिल के बराबर बढ़ती है चट्टान

यहां प्राचीन समय में चट्टान के ऊपर मढ़िया बनाई गई थी। जिसमें कभी अबार माता की मूर्ति हुआ करती थी। अब इस मूर्ति को वहां से निकालकर नीचे स्थापित कर दिया गया है और एक मंदिर बना दिया गया है। माना यह भी जाता है कि मढ़िया बनने से पहले ये चट्टान बहुत तेजी से बढ़ रही थी लेकिन अब यह साल में सिर्फ एक तिल के बराबर ही बढ़ती है। आस्था है कि इस चट्टान को छूने से भक्तों की मुराद पूरी होती है लेकिन इस चट्टान पर हाथ रखने का एक अपना ही अलग तरीका है। पहले हाथ को उल्टा रखकर मन्नत मांगों और पूरी हो जाने पर सीधे रखकर मां का आशीर्वाद लेते हैं। इस चट्टान को छूने से ही नि:संतान को संतान की प्राप्ति हो जाती है। लोग इस चट्टान का जुड़ाव भगवान शिव से मानते हैं क्योंकि कहा जाता है कि हर महाशिवरात्रि के दिन इसकी लंबाई एक तिल के बराबर बढ़ जाती है। मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 50 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। नवरात्रि में दूर-दूर से यहां श्रद्धालु लिए आते हैं। यहां पर प्रत्येक वैशाख माह में एक विशाल मेला लगता है जो 15 दिनों तक चलता है।

### डाकुओं का प्रमुख योगदान

सागर से 70 किलोमीटर बंडा से बरायठा होते हुए छतरपुर से 92 किलोमीटर दूर घुवारा से टीकमगढ़ रोड के रामटोरिया होते हुए अबार माता मंदिर पहुंचा जा सकता है। हालांकि यहां पहुंचने के लिए दो अन्य रास्ते शाहगढ़ से बरायठा होते हुए और उत्तरप्रदेश के गिरार होते हुए है भी है। लेकिन यहां की सड़क अच्छी नहीं है इसलिए टीकमगढ़ से रामटोरिया होते हुए ही जाना बेहतर है। अबार माता की मूर्ति स्थापना में डाकुओं का भी प्रमुख योगदान रहा है। किवदंती है कि वास्तविक रूप से अबार माता डाकु समाज के आराध्य देवी हैं। इस स्थान को अहिंसा का सिद्ध स्थान बनाने देवी ने प्रकट होकर बमनौरा के निवासी को सपना दिया था। देवी की प्रेरणा से हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना कर बलि प्रथा का अंत कराया। आल्हा-ऊदल ने यहां भी आराधना की थी।

# कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, देखी निर्वाचन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाएं

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कक्षों का औचक निरीक्षण किया और निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी कक्ष, कंट्रोल रूम, शिकायत कक्ष, कम्युनिकेशन प्लान कक्ष, मतदान दल गठन कक्ष का निरीक्षण किया। आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य समय-सीमा में संपन्न कराएं तथा जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी जिस शिफ्ट में लगी है वे उस समय उपस्थित हों अन्यथा उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करें और अपना कार्य पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करें।



### चुनाव प्रचार वाहन के उपयोग की लेनी होगी अनुमतिः कलेक्टर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गये है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा आदेश जारी किये गये है। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए अभ्यार्थी एवं उनके समर्थकों के चुनाव प्रचार के लिए वाहन के उपयोग की अनुमति संबंधित एसडीएम से लेनी होगी तथा प्रतिदिन वाहनों के उपयोग की जानकारी संबंधित आफिसर व जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करेगे। सभी राजनैतिक दलो, अभ्यार्थियों एवं व्यक्तियों को चुनाव प्रचार प्रसार वाहन के लिए प्राप्त की गई अनुमति वाहन के आगे के कांच पर लगाना अनिवार्य होगा। सभी राजनैतिक दलो, अभ्यार्थियों एवं व्यक्तियों को चुनाव प्रचार के लिए हेलीकाप्टर के लिए हैलीपेड निर्माण, हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति संबंधित क्षेत्र के मजिस्ट्रेट से लेना अनिवार्य होगी। वाहनों, हेलीकाप्टर के उपयोग से सबंधित समस्त अभिलेख निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संधारित करेगें।

### दिव्यांग जनों के अधिकार विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आज

**सागर, देशबन्धु।** शिक्षा शास्त्र विभाग डॉ. हरीसिंह गौर विवि द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के सहयोग से दिव्यांग जनों के अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज प्रात: 10 बजे से विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में किया जा रहा है, उक्त संगोष्ठी में दीपक आर्य कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सागर मुख्य अतिथि के रूप में तथा कमलाकांत पांडेय, सदस्य कार्यकारिणी परिषद सामान्य परिषद भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पूरी संगोष्ठी में कुल चार तकनीकी सत्रों में दिव्यांग जनों के अधिकार, चुनौतियां एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों पर समग्र चर्चा की जाएगी जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में दीपांकर बनर्जी, क्षेत्रीय समन्वयक भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली डॉ. डी एस यादव संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा कि जायेगी।

# कलेक्टर, एसपी ने स्ट्रांग रूम मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

### चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण कक्ष एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावें। ईवीएम मशीन की कमिशनिंग के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। स्ट्रांग रूम पर आवश्यक बैरिकेडिंग करें एवं सीसीटीवी कैमरे लगाएं। पावर बैकअप के लिए जनरेटर तथा इनवर्टर की व्यवस्था पूर्व से ही कर लें। पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था भी प्रमुख रूप से पूर्ण करा लें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्य द्वार पर चेक पोस्ट बनाये और इंजीनियरिंग कॉलेज आने जाने वालों की सतत् मॉनिटरिंग की जावे। किसी भी दशा में कोई लापरवाही न बरती जाए। स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे।



## दुर्गा पंडाल के यहां उपद्रवी द्वारा चाकू मार कर वृद्धा एवं नवयुवक को किया घायल

**बीना, देशबन्धु।** सोमवार की शाम को 60 वर्षीय कलावती अहिरवार पति मिट्ठू लाल निवासी जवाहर वार्ड बीना को एवं उसके 17 वर्षीय नाती नितिन अहिरवार पिता मनोज अहिरवार को जवाहर वार्ड में एक शराब पिये हुए युवक अनुराग अहिरवार ने दोनों हाथों पर चाकू मार कर घायल कर दिया। जवाहर वार्ड के दुर्गा पंडाल के यहां स्थानीय निवासी अनुराग अहिरवार जो कि शराब पीकर गाली गलौंच कर रहा था, उसे नितिन अहिरवार नें दुर्गा पंडाल के यहां गाली गलौंच नहीं करने के लिए कहा, इसी बात पर अनुराग अहिरवार ने नितिन अहिरवार पर चाकू से हमला करके उसे घायल कर दिया। यह घटना देखकर नजदीक ही खड़ी नितिन की दादी कलावती बाई नें नितिन का बचाव किया, जिस दौरान अनुराग अहिरवार ने कलाबाई को भी चाकू से दोनों हाथों पर वार कर घायल कर दिया। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को सिविल अस्पताल बीना लाया गया, जहां पर सिविल अस्पताल बीना के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला एवं डॉ. वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार एवं पुलिस केस एमएलसी की गई।



### सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

**सागर, देशबन्धु।** बंडा थाना क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में पति की मौत हो गई। पत्नी घायल हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शिकायत में घायल कल्लो पति सुरेंद्र अहिरवार उम्र 19 साल निवासी कंदवा ने बताया कि वह पति सुरेंद्र अहिरवार उम्र 22 साल के साथ बाइक पर सवार होकर खाज खुजली की दवाई कराने ग्राम दलपतपुर जा रही थी। तभी ग्राम मगरा प्लानटेशन के पास बाइक अनियंत्रित हुई और पेड़ से टकरा गई। घटना में पति, पत्नी गंभीर घायल हुए। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद पति सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मामले में बंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। मर्ग जांच करते हुए पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### एनएसयूआई ने कॉलेज इकाइयों की घोषणा की

**बीना, देशबन्धु।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे की अनुशंसा पर प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर की अनुमति से जिला अध्यक्ष अक्षत कोठारी ने बीना विधानसभा के 3 कॉलेज इकाइयों की घोषणा की है। जिसमें शासकीय पीजी कॉलेज बीना में अध्यक्ष मोहसिन खान, शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना की अध्यक्ष रमा ओझा, शासकीय महाविद्यालय खिमलासा में अध्यक्ष यश हजारी को बनाया गया है। इन सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति पर एनएसयूआई, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# विद्यार्थी ही बने रहना, सतत सीखने की क्षमता विद्यार्थी में ही होती हैः मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अंकुर कॉलोनी स्थित विद्या भवन में मुनिश्री सुदत्तसागर ने कहा अपनी खूबियों को एवं अपनी खामियो को समझे। अस्तित्व उसका है जिसका व्यक्तित्व है। अस्तित्व बनाने, व्यक्तित्व बनाए रखें। उन्होंने कहा आप विद्यार्थी हैं विद्यार्थी ही बने रहना क्योंकि जो जीवन भर विद्यार्थी रहता है उसे सतत सीखने की क्षमता होती है और जब आप सतत सीखते हैं तो आपको अच्छे परिणाम मिलते चले जाते हैं, विद्यार्थी के पांच लक्षण काक चेष्टा, बकम ध्यानं, श्वान निद्रा, अल्पाहारी और गृह त्यागी के बारे में विस्तार से बताया और हमेशा श्रेष्ठ संगति, सकारात्मक सोच, फैशन व्यसन से बचकर जल्दी सोने, जल्दी उठने के सूत्र बताकर पढ़ाई करने के टिप्स बताये। उन्होंने कहा अनुशासन रखें, माता-पिता गुरु और शिक्षकों की आज्ञा मानकर हमेशा विनय करे और एकाग्रता पूर्वक पढ़े, टीवी चैनलो व मोबाइल में ज्यादा समय बर्बाद नहीं करें। संघर्ष करो, हर्ष से घबराओ नहीं। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा बहुत नहीं, बहुत बार पढ़ो, सतत अभ्यास करो, विपरीत लिंग से दोस्ती नहीं। बस हमें पढ़ना और अपने लक्ष्य पर नजर रखना। टाइम टेबल बनाकर प्रत्येक कार्य समय पर करो। कम बोलो, क्रोध नहीं, तनाव नहीं और पांच पापों से बचो। शाकाहारी शुद्ध भोजन करे, अनुशासित जीवन के लिए जितना पढ़े उससे ज्यादा सोचे, जितना बोले उससे ज्यादा सुने इससे पूर्व सभी विद्यार्थियों ने आचार्य श्री की पूजा सामूहिक रूप से की। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष कमलेश जैन चौधरी ने बताया कि अंकुर कॉलोनी जैन समाज की नई बहुओ के नवकार मंडल द्वारा अष्ट द्रव्य सजाकर विद्यार्थियों से संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर की पूजन कराई गई एवं विद्यार्थियों को पारिषोतिक प्रदान कर सम्मान भी किया गया। विद्यार्थियों बालक-बालिकाओं ने कविता, भजन, अपने विचार प्रकट किये।



# खेत में पड़ा मिला 10 किलो वजनी बम, बम देख मचा हड़कंप



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी थाना क्षेत्र के ग्राम मोरपाली में खेत में शक्तिशाली बम मिलने से हड़कंप मच गया। बम होने की सूचना पर तत्काल सुरखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बम को सुरक्षित किया और आसपास के लोगों को हटाया। जिसके बाद बीडीडीएस बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड को सूचना दी गई। खबर मिलते ही 6 सदस्यीय बीडीडीएस की टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और बम की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि उक्त बम सेना है। बम 14 इंच लंबा और करीब 10 किलो वजनी था। खेतों के बीच सुनसान इलाके में टीम बम लेकर पहुंची। जहां नष्टीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान बम के विस्फोट होने से आसपास का इलाका थर्रा उठा। जिस स्थान पर बम फटा उस खेत में करीब 4 फीट गहरा गड्ढा हो गया। बम नष्टीकरण की बीडीडीएस टीम में विनय तिवारी, मनोज विश्वकर्मा, संजय पांडे, जयप्रकाश गर्ग, मनीष द्विवेदी आदि शामिल थे।





**सागर, देशबन्धु।** बाज खेड़ावाल गुजराती ब्राह्मण समाज का परंपरागत गरबों के साथ दुर्गा आराधना प्रारंभ, गुजराती ब्राह्मण समाज के चकराघाट स्थित श्री मल्ली माता मंदिर में परंपरागत पूजन अर्चन और गरबों के साथ शारदीय नवरात्र प्रतिपदा का प्रारंभ हुआ। यह क्रम सम्पूर्ण नवरात्रि के दौरान चलेगा।

# निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हूटर, सर्च लाईट, बिना परमिट एवं नेम प्लेट लगे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाई



### 36 वाहनों से 26500 रुपए पेनाल्टी वसूल

**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन अमले के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार जिन वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट एवं नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गये है। सोमवार को बम्होरी तिराहा एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 57 वाहनों को चैक किया गया। जिनमें से 36 वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट, ओव्हरलोड एवं नेम प्लेट का उपयोग करते पाये गयेए जिन्हें मौके पर निकलवाये गये। साथ ही उक्त 36 वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर 26500 रुपए जुर्माना वसूल कर छोड़ा गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन कार्ड, वाहन चालक का हैवी ड्रायविंग लायसेंस, टैक्स प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि अनिवार्य रूप से साथ में रखे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।